● जयपुर, बुधवार, 5 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 277 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000



सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जेडीए ने 33 बीघा भूमि पर आठ अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त...

पेज @5 एनडीए की हैट्रिक, फिर एक बार मोदी सरकार...

पेज @8 » आरएसआरडीसी चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आर. के लूथरा...

## चुनाव नतीजों पर पीएम मोदी की ने दी प्रतिक्रिया

# देशवासियों ने एनडीए पर तीसरी बार भरोसा जताया

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि जनता ने तीसरी बार एनडीए पर भरोसा जताया है, हम नई ऊर्जा, उत्साह और संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के इतिहास में यह अभूतपूर्व क्षण है। मैं अपने परिवारजनों को इस प्यार और आशीर्वाद के लिए नमन करता हूं। मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम नई ऊर्जा, नए उत्साह, नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ेंगे। जिस समर्पण के साथ उन्होंने अथक परिश्रम किया है, उसके लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार और बधाई व्यक्त करता हूं।

पीएम मोदी ने ओडिशा में भाजपा की शानदार जीत के लिए ओडिशा की जनता का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि यह सुशासन और ओडिशा की अनूठी संस्कृति के उत्सव की महान जीत है। भाजपा लोगों के सपनों को पूरा करने और ओडिशा को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुझे अपने सभी मेहनती पार्टी कार्यकर्ताओं पर उनके प्रयासों के लिए बहुत गर्व है।

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनडीए की यह जीत देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले नेता नरेंद्र मोदी जी पर लोगों के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है। यह मोदी जी के विकसित भारत के विजन पर लोगों का विश्वास है। यह जन आशीर्वाद पिछले एक दशक में मोदी जी के गरीब कल्याण, विरासत के पुनरुद्धार, महिलाओं के स्वाभिमान और किसान कल्याण के कार्यों की सफलता का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि इस जनादेश के साथ नया भारत विकास यात्रा को और अधिक गति और शक्ति देने के लिए तैयार है।



## आज की ये विजय दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत: मोदी

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से बीजेपी ने शानदार जीत दर्ज की. चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद पीएम मोदी दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय पहुंचे. जहां पीएम मोदी विजय चिन्ह दिखाते नजर आए. बीजेपी मुख्यलय में पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था. पीएम मोदी के चेहरे पर भी मुस्कान नजर आई. पीएम मोदी की बगल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बैठे नजर आए. इस दौरान दोनों नेता किसी मुद्दे पर बातचीत करते नजर आए, इस दौरान दोनों काफी खुश दिखाई दिए. पीएम मोदी ने अपने विजय भाषण में कहा कि, आपका ये स्नेह आपका ये प्यार इस आशीर्वाद के लिए मैं सभी देशवासियों की ऋणी हूं. आज बड़ा मंगल है और इस पावन दिन एनडीए की लगातार तीसरी बार सरकार बननी तय है. पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी जनता जनार्दन के बहुत आभारी है. देशवासियों ने भाजपा पर एनडीए पर पूर्ण विश्वास जताया है. आज की ये विजय दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत है. ये भारत के संविधान पर अटूट निष्ठा की जीत है. ये विकसित भारत के प्रण की जीत है. ये सबका साथ सबका विकास इस मंत्र की जीत है. ये 140 करोड़ भारतीयों की जीत है. पीएम मोदी ने कहा कि मैं आज देश के चुनाव आयोग का भी अभिनंदन करूंगा. चुनाव आयोग ने दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव इतनी कुशलता से संपन्न कराया. करीब 100 करोड़ मतदाता, 11 लाख पोलिंग स्टेशन 1.5 करोड़ मतदान कर्मी, 55 लाख वोटिंग मशीनें, हर कर्मचारी ने इतनी प्रचंड गर्मी में अपने दायित्व को बखूभी निभाया. हमारे सुरक्षा कर्मियों ने अपने शानदार कर्तव्य का परिचय दिया. पीएम मोदी ने कहा कि भारत के चुनाव के इस पूरी सिस्टम और चुनाव प्रक्रिया की क्रेडिबिलिटी पर हर भारतीय को गर्व है.

### कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले राहुल गांधी

## ये लड़ाई संविधान को बचाने के लिए थी



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के नतीजे आज आ रहे हैं. इस बार भी कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंचा, बावजूद इसके कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है क्योंकि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को 236 सीटें मिलती दिख रही है. जिससे कांग्रेस काफी उत्साहित नजर आ रही है. कांग्रेस को अभी भी उम्मीद है कि वह 236 सीटों से आगे जीतेगी. इस बीच कांग्रेस ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की.

इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज जो देश में चुनाव के रिजल्ट आए हैं, ये रिजल्ट जनता का रिजल्ट है ये जनती की जीत है और लोकतंत्र की जीत है. हम पहले से ही कह रहे थे कि हमारी मोदी बनाम जनता यानी लोग हैं. 18वीं लोकसभा चुनाव में हम विनम्रता से जनमत को स्वीकार करते हैं, इस बार जनता ने किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया. खासकर सत्ताधारी दल बीजेपी ने एक व्यक्ति एक चेहरे के नाम पर वोट मांगा. कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि, अब ये स्पष्ट हो गया है कि ये परिणाम मोदी जी के खिलाफ गया है ये उनकी राजनीतिक हार, नैतिक हार है. जो व्यक्ति बार-बार अपने नाम से ही हर जगह वोट मांगते थे, ये उनकी बहुत बड़ी हार है, नैतिक दृष्टि से ये उनके लिए बहुत बड़ा नुकसान हुआ है. आप जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी और हमारे इंडिया गठबंधन ने बहुत प्रतिकूल माहौल में चुनाव लड़ा. सरकार मशीनरी ने कदम कदम पर अवरोध डाला, बैंक खाते सीज करने से लेकर तमाम नेताओं के खिलाफ अभियान चलाया.

### न्यूज़ अपडेट

### बारामूला से उमर अब्दुल्ला को मिली हार

**श्रीनगर/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 की सबसे अहम सीटों में शुमार जम्मू-कश्मीर के बारामूला लोकसभा क्षेत्र से नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को एकतरफा मुकाबले में हार झेलनी पड़ी है।उन्हें निर्दलीय प्रत्याशी और टेरर फंडिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद अब्दुल राशिद शेख ने 1,28,978 वोटों से हराया है।बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनावों में इस सीट से एनसी के ही मोहम्मद अकबर लोन ने 1,33,426 वोटों से चुनाव जीता था।

### उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी जीते, कांग्रेस के कन्हैया कुमार को दी शिकस्त

**नईदिल्ली/एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से मनोज तिवारी ने चुनाव जीत लिया है. हालांकि आधिकारिक पुष्टी होनी अभी बाकी है. मनोज तिवारी ने कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को लाखों वोट से शिकस्त दी है. दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों में से नॉर्थ ईस्ट दिल्ली ही ऐसी एकमात्र सीट है जहां से भाजपा ने अपने किसी सीटिंग एमपी को टिकट दिया है. इस इलाके में बिहार और उत्तर प्रदेश आए मजदूरों की काफी संख्या है. इसलिए कांग्रेस ने पूर्वांचल से ताल्लुक रखने वाले कन्हैया कुमार को चुनावी मैदान में उतारा है. छठे फेज में 25 मई को यहां वोटिंग कराई गई थी.

### पीयूष गोयल ने जीता अपना पहला चुनाव, मुंबई उत्तर से मिली जीत

**मुंबई/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 की सबसे अहम सीटों में शामिल महाराष्ट्र की मुंबई उत्तर सीट से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज कर ली है।उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार भूषण पटेल को करीब 2 लाख से अधिक वोटों से हराया है।बता दें कि वर्तमान में इस सीट से भाजपा के गोपाल शेट्टी सांसद हैं, जिन्होंने 2019 के चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और अभिनेत्री उर्मिला मातोंड़कर को 4,65,247 वोटों से हराया था।

### इंडिया गठबंधन की आज दिल्ली में बैठक होने की संभावना: शरद पवार

**मुंबई/एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के नेता आगे की रणनीति तय करने के लिए बुधवार को दिल्ली में बैठक करेंगे. साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन के सरकार बनाने की संभावना नहीं है. लोकसभा चुनाव की मतगणना के अब तक के रुझानों में भाजपा के अपने बूते बहुमत हासिल नहीं करने का संकेत मिलने के बीच, पवार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने मीडिया में आई खबरों के उलट बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल के नेता नीतीश कुमार या तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू से बात नहीं की है.

## राहुल गांधी की रिकॉर्ड जीत, तीन लाख 90 हजार वोटों से भाजपा प्रत्याशी को हराया

**रायबरेली/एजेंसी।**

यह जिला कांग्रेस का गढ़ है यह बात एक बार फिर साबित हो गई है।राहुल गांधी यहां से रिकॉर्ड मतों से जीतने में कामयाब रहे। उनकी जीत का अंतर तीन लाख 90 हजार से ऊपर का रहा। रायबरेली की सीट एक बार फिर से कांग्रेसियों के लिए खुशी लेकर आई। कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी यहां बड़े अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को करीब तीन लाख 90 हजार वोटों से हराया।



रायबरेली लोकसभा सीट पर गठबंधन प्रत्याशी राहुल गांधी की जीत ने कांग्रेसियों को काफी लंबे असरे बाद झूमने का मौका दिया। इस बार की जीत बहुत खास रही है। गांधी परिवार की तीसरी पीढ़ी के तौर पर राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतरे थे और पूरे देश की निगाह रायबरेली परिणाम पर लगी थी। वहीं कांग्रेस का दुर्ग जीतने की मंशा सफल न होने से भाजपाइयों में बहुत मायूसी रही। कोई भी पदाधिकारी कुछ भी बोलने से बचता रहा। रायबरेली में कांग्रेसियों को 2019 लोकसभा चुनाव बाद खुश होते देखा गया। इससे पहले विधानसभा चुनाव 2022 में हार के साथ कांग्रेस की गिरते ग्राफ से कांग्रेसियों के चेहरे पर चहक गायब हो गई थी।

## वाराणसी से पीएम मोदी ने लगाई जीत की हैट्रिक

### कांग्रेस के अजय राय को 1.52 लाख वोटों से दी मात

**वाराणसी/एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव 2024 की तस्वीर करीब-करीब साफ हो गई है। रुझानों और नतीजों में एनडीए 290 से ज्यादा सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। वहीं, इंडिया गठबंधन 220 से अधिक सीटों पर आगे है।

पूरे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश की हॉट सीट वाराणसी पर टिकी रही। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगाई है। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय को डेढ़ लाख से अधिक वोटों से हरा दिया है।

पीएम मोदी तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे। पीएम मोदी को 6,12,970 वोट मिले हैं, वहीं कांग्रेस के अजय राय को 4,60,457 और बसपा के अतहर जमाल लारी को 33,766 प्राप्त हुए हैं।



पीएम मोदी वाराणसी सीट पर 1 लाख 50 हजार 513 वोट से चुनाव में विजयी हुए हैं। पीएम मोदी के तीसरी बार काशी से विजयी होने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओ ने हाथों में पीएम मोदी की तस्वीर लेकर जश्न मनाया। साथ ही एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। वाराणसी लोकसभा सीट पर सातवें और आखिरी चरण में एक जून को मतदान हुआ था।

## कंगना रनौत ने विक्रमादित्य को हराया, 74 हजार से ज्यादा वोटों से जीती

**मंडी/एजेंसी।**

बॉलीवुड की क्वीन और भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने मंगलवार को मंडी संसदीय क्षेत्र में पूर्व राजपरिवार के वंशज तथा कांग्रेस विधायक विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ 74 हजार से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है।

कंगना को 5,37,022 मत मिले जबकि दूसरे स्थान पर रहे सिंह को 4,62,267 मद मिले हैं।

राज्य के सबसे कठिन और लगभग दो-तिहाई क्षेत्र को कवर करने वाले इस विशाल निर्वाचन क्षेत्र में विरासत और स्टारडम के बीच टकराव देखने को मिला।



इस सीट का प्रतिनिधित्व पहले प्रतिभा सिंह करती थीं, जो विक्रमादित्य की मां हैं। वह मंडी से तीन बार सांसद रह चुकी हैं। इस परिवार का तत्कालीन क्योंथल राज्य के शाही परिवार से संबंध हैं। उन्होंने फिर से मैदान में उतरने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने विक्रमादित्य के नाम का प्रस्ताव रखा था क्योंकि उनका मानना था कि वह युवा, ऊर्जावान और अच्छे वक्ता हैं, जिनका युवाओं पर प्रभाव है और वह कंगना के लिए एक अच्छी चुनौती पेश करेंगे।

## पूर्व सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत की

**रांची/एजेंसी।**

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज की है. उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी के दिलीप कुमार वर्मा को करीब 26 हजार मतों से पराजित किया है.

मतगणना पूरी कर ली गई है. लेकिन, यहां चुनाव आयोग ने परिणाम की आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं की है. गांडेय सीट 1 जनवरी को विधायक डॉ. सरफराज अहमद के इस्तीफे से खाली हुई थी. शुरुआती छह राउंड की गिनती में कल्पना सोरेन पिछड़ गई थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार बढ़त हासिल की. कल्पना सोरेन ने



पति हेमंत सोरेन के 31 जनवरी को जेल जाने के बाद सक्रिय राजनीति में कदम रखा है. राजनीति में उनकी औपचारिक तौर पर एंट्री चार मार्च को गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर आयोजित रैली के साथ हुई. कल्पना सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा में फिलहाल किसी ओहदे पर नहीं हैं. इसके बावजूद लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान वह न सिर्फ अपनी पार्टी, बल्कि इंडिया गठबंधन की ओर से राज्य में सबसे बड़ी स्टार प्रचारक के रूप में उभरकर सामने आईं. रांची में 21 अप्रैल को इंडिया गठबंधन की ओर से साझा तौर पर बड़ी रैली हुई और इसके बाद वह राज्य में गठबंधन का सबसे बड़ा चेहरा बन गईं. उन्होंने राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं की और एक तरह से ढाई महीने के भीतर राज्य का चप्पा-चप्पा छान डाला. पार्टी की ओर से उन्हें हेलीकॉप्टर मुहैया कराया गया, जिससे वह एक दिन में तीन-चार रैलियों में शामिल होती रहीं. कल्पना सोरेन ने चुनावी जनसभाओं में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया. उन्होंने आदिवासियों, महिलाओं, युवाओं के लिए सरकार के कामकाज का ब्योरा अपने अंदाज में पेश किया.

## केरल में पहली बार भाजपा ने जीती सीट

**त्रिशूर/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आना शुरू हो गए हैं। शुरूआती रूझान में भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडिया के बीच कड़ी टक्कर दिख रही है।इस बीच केरल से चौंकाने वाली खबर आ रही है। यहां त्रिशूर लोकसभा सीट से भाजपा पहली बार प्रवेश करने जा रही है। भाजपा उम्मीदवार सुरेश गोपी ने कम्युनिस्ट पार्टी वीएस सुनील कुमार को हरा दिया है।कांग्रेस के मुरलीधरन तीसरे स्थान पर। 1952 में त्रिशूर लोकसभा सीट अस्तित्व में आने के बाद से यहां कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों का कब्जा रहा है। यहां 7 बार कांग्रेस और 10 बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद रहे हैं।2014 में कम्युनिस्ट पार्टी के सीएन जयदेवन ने चुनाव जीता था।

## सभी पांच सीटें जीतने से हमारा मनोबल बढ़ा : चिराग पासवान

**पटना/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे घोषित किए जा रहे हैं। अब तक सामने आए रुझानों में एक बार फिर देश में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। एनडीए ने बहुमत (272) का आंकड़ा पार कर लिया है। जबकि इंडिया गठबंधन भी 230 से ज्यादा सीटों पर आगे है। इस बीच चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को रुझानों में बंपर फायदा हुआ है। इस चुनाव में चिराग पासवान ने जमुई लोकसभा सीट छोड़कर हाजीपुर से चुनाव लड़ा है। वह इस सीट पर जीत के करीब हैं। चिराग पासवान ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि बिहार की जनता ने पूरी तरह से विश्वास किया है। मेरे लिए डबल खुशी की बात है। सौ प्रतिशत स्ट्राइक रेट हम फिर से बनाने जा रहे हैं।

# टोल नाकों पर पांच प्रतिशत टैक्स बढ़ोतरी : आखिर जरूरत क्या थी?

केंद्र सरकार को वैसे भी इस वित्त वर्ष में अपने निर्धारित लक्ष्य से अधिक टोल टैक्स मिलना था, फिर भी पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी बहुत आश्चर्य में डालनेवाली है। देश का आम नागरिक जिसने चार पहिए का वाहन खरीद लिया है और कई बार मजबूरी में एक या दो लोगों को लेकर सफर करने के लिए विवश है, उसकी जेब टोल टैक्स के नाम पर खाली करवाना कहां तक उचित कहलाएगा?

अब यदि 400 किमी की यात्रा तय करने के लिए 700 रुपये से भी अधिक देना पड़े, जिसमें कि नई व्यवस्था में 5 प्रतिशत बढ़ाते हुए अतिरिक्त रुपये और देना होंगे, तब जरूर विचार करें कि केंद्र सरकार की इस बढ़ोतरी पर प्रश्न क्यों नहीं खड़े किए जाएं? वास्तव में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 04 जून से देशभर में टोल दरों में औसतन 5 फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा कर सभी को चौकाया है। जिसमें कि कहा जा रहा है कि संशोधित दरें पहले 01 अप्रैल से प्रभावी होने वाली थीं, किंतु लोकसभा चुनाव के कारण इन्हें टाल दिया गया। अब प्रश्न भी है कि क्यों टाला गया ? क्या इसलिए टाला गया क्योंकि सातवें और अंतिम फेज में उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीट वाराणसी पर भी वोटिंग होना थी, जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार चुनाव लड़ा है? या फिर इसलिए क्योंकि देश के 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर एक जून को मतदान होना था, यदि यह टोल टैक्स पहले से घोषित कर देते तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संगठन भाजपा को हो सकता है चुनाव मतदान में बड़ा नुकसान उठाना पड़ता ! क्योंकि चुनाव यहां किसी एक राज्य में नहीं हो रहे थे, बल्कि उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की सभी 13, बिहार की 8, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3, पश्चिम बंगाल की 9 और ओडिशा की 6 सीटों पर वोट डाले जाने थे।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को लगता होगा कि यदि फिर भी भाजपा सत्ता में आ गई तो उनकी बुरी गत कर देगी। इसलिए अभी रुपये न बढ़ाकर चुनाव बाद इसे लागू करेंगे। अधिकारियों को यह क्यों नहीं लगा कि हर कोई एक बड़ी रकम टोल की चुकाने में सक्षम नहीं होता है। वैसे भी अनेक प्रकार के टैक्स सरकार ने पहले ही लगा रखे हैं। जीएसटी के कारण पूर्व से ही सरकार की झोली लगातार रिकार्ड धनराशि के साथ बढ़ रही है। फिर टोल पर टैक्स बढ़ाने की जरूरत क्या थी? जीएसटी के नाम से एक कर की बात करनेवाली केंद्र की सरकार अभी तक तेल कीमतों पर इसे लागू नहीं कर सकी है? टोल पर राहत नहीं तो पेट्रोल में ही सरकार राहत दे देती! अगर पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाया जाता है, तो फिर पेट्रोल-डीजल के दाम मौजूदा कीमत से काफी कम हो जाएंगे। उदाहरण के तौर पर आप समझ सकते हैं कि यदि दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल भरवाने के लिए 94.72 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं तो इसमें 35 रुपये के करीब टैक्स है, जिसमें लगभग 20 रुपये केंद्र सरकार को और 15 रुपये राज्य सरकार के पास जाते हैं।

यहां केंद्र को एक्साइज ड्यूटी के जरिए कमाई होती है तो वहीं, राज्य सरकारें अपने-अपने हिसाब से वैट लगाकर कमाई करती हैं । इसलिए प्रत्येक राज्य में तेल कीमतें अलग हैं । वर्तमान में पेट्रोल और डीजल पर सरकारें 60 फीसदी से भी ज्यादा टैक्स वसूल रही हैं। ऐसे में अगर पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाता है, तो सरकार अधिकतम 28 फीसदी की दर से ही टैक्स लगा पाएगी, जिसका परिणाम यह होगा कि पेट्रोल-डीजल के दाम एक दम से घट जाएंगे। दिल्ली में एक्साइज ड्यूटी और वैट को मिलाकर जो 1 लीटर पेट्रोल 94.72 रुपये का मिल रहा है जब उस पर सिर्फ 28 फीसदी जीएसटी लगाया जाएगा, तो उसकी कीमत 70 रुपये के करीब आ जाएगी। इसी तरह से डीजल की कीमत भी कम होगी। यदि केंद्र की सरकार को और अधिक रुपयों की टैक्स कलेक्शन की आवशयकता है तो वह इसके अलावा भूमि, शराब, उत्खनन जैसे अन्य कई क्षेत्र हैं, जहां राज्य अपने मनमुताबिक वसूली करते हैं। उनकी भी डारेक्ट वसूली करना आरंभ कर दे। किंतु वास्तविकता यही है कि केंद्र में कोई भी सरकार रहे, वह ऐसा कभी नहीं कर सकती, अन्यथा लोकतंत्र में जो केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का बंटवारा और परस्पर का समन्वय है, वह आपस में टकराकर समाप्त हो जाएगा।

सच यही है कि दोनों की अपनी-अपनी जरूरतें हैं और राजनेताओं एवं उनकी पार्टी के अपने हित, जिसके चलते वह ऐसा कभी नहीं करेगी। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि जहां मनमर्जी होगी केंद्र सरकार इस तरह से टैक्स पर बढ़ोतरी करती रहेगी। केंद्र सरकार ने एक झटके में हर दिन करोड़ों की कमाई की जुगत टोल नाकों के माध्यम से कर ली है। जोकि वास्तविकता में कहीं से भी न्याय संगत नहीं लगती। आज यह भी एक बड़ा प्रश्न है, जब देश में 80 करोड़ जनता को अनाज योजना से फ्री में राशन बांटा जा रहा है, या इसी प्रकार की अन्य तमाम योजनाएं फ्री की देश में हैं, क्या कभी वास्तविकता में सर्वे होता है कि वह जिसे इन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, वह इनका लाभ लेने के लिए वास्तविक हकदार है? या फिर जो चार पहिए का वाहन खरीदकर चला रहा हैं, जोकि आपका टैक्सपेयर है, उसी की बारबार सरकार पूरी तरह से जेब खाली करवाने पर भरोसा करती है? फास्टटैग को अपनाने में वृद्धि, स्वस्थ यातायात वृद्धि और टोलिंग सड़कों में वृद्धि से समर्थित, वित्त वर्ष 24 में 64,800 करोड़ तक राजस्व वृद्धि में सहायता केंद्र की सरकार को मिली है, जो सरकार के ?55,000 करोड़ के लक्ष्य को पार कर चुकी है। इसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 में राजस्व 70,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। फिर यह निर्णय लेना निश्चित ही समझ के परे है। अच्छा तो यही होगा कि सरकार इस निर्णय को वापस ले।

# पर्यावरण के प्रति जागरुकता क्यों नहीं?



डॉ. वंदना सेन

वर्तमान में जिस प्रकार से तापमान बढ़ रहा है, उसका एक कारण यह भी है कि हमारा समाज पर्यावरण के प्रति सचेत नहीं है। इसे सरकारी विफलता के रूप में देखा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि सरकार केवल योजना बनाकर ही यह समझ लेती है कि उनका कर्तव्य पूरा हो गया, जबकि यह योजना नीचे तक जाए, यह जिम्मेदारी भी तो शासन की है, लेकिन शासन अभी तक पर्यावरण के मामले में कोई ठोस पहल नहीं कर सका। सरकार के सानिध्य में संचालित होने वाले गैर सरकारी संगठन भी पर्यावरण संरक्षण के अभियानों को अपनी आय का माध्यम मानकर ही कार्य करते हैं। इन संस्थाओं का कार्य कागजों पर सफलता दर्शाने वाला होता है, लेकिन धरातल पर उसकी परिणति वैसी नहीं होती जैसी दिखाई जाती है। पर्यावरण का अभियान केवल फोटो खिचाने तक ही सीमित होता जा रहा है। आज पर्यावरण के कारण जल के अभाव में वसुंधरा सूख रही है। पेड़ आत्महत्या कर रहे हैं। नदियां समाप्ति की ओर हैं। कुएं, बाबड़ी रीत गए हैं। यह एक ऐसा भयानक संकट है, जिसको हम जानते हुए भी अनदेखा कर रहे हैं। अगर इसी प्रकार से चलता रहा तो आने वाला समय कितना त्रासद होगा, इसकी अभी मात्र कल्पना ही की जा सकती है, लेकिन जब यह समय सामने होगा, तब हमारे हाथ में कुछ भी नहीं होगा। यह सभी जानते हैं कि प्रकृति ही जीवन है, प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। जब हम प्रकृति कहते हैं तो स्वाभाविक रूप मानव यही सोचता है कि पेड़ पौधों की बात हो रही है, लेकिन इसका आशय इतना मात्र नहीं, बहुत व्यापक है। प्रकृति में जितने तत्व हैं, वे सभी तत्व हमारे जीवन का आवशयक अंग हैं। चाहे वह श्वांस हो, जल हो, या फिर खाद्य पदार्थ ही हों। सब प्रकृति की ही देन हैं। विचार कीजिए जब यह सब नहीं मिलेगा, तब हमारा जीवन कैसा होगा?

देश में अनेक संस्थाओं द्वारा पौधरोपण के कार्य भी किए जाते हैं। विसंगति यह है कि पौधरोपण करने के बाद उन पौधों का क्या होता है। यह सब देखने का समय हमारे पास नहीं है। पौधों के लिए जल ही जीवन है और पौधा भी एक जीवित वनस्पति है। अगर किसी पौधे का जीवन जन्म के समय ही समाप्ति होने की ओर अग्रसर होता है तो स्वाभाविक रूप



से यही कहा जा सकता है कि ऐसा करके हम निश्चित ही एक जीवन की हत्या ही कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति में हत्या के परिणाम क्या होते हैं, इसे बताने की आवशयकता नहीं हैं, लेकिन यह सत्य है कि जिस पेड़ की असमय मौत होती है, उसकी आत्मा कराह रही होती है। हम अगर पेड़ या पौधे में जीवन का अध्ययन करें तो हमें स्वाभाविक रूप से यह ज्ञात हो जाता है कि जीवित वनस्पति जब मौत की ओर जाती है, तब उसकी क्या स्थिति होती होगी। अब जरा अपने शरीर का ही विचार कर लीजिए, उसे भोजन नहीं मिलेगा, तब शरीर का क्या हाल होगा।

वर्तमान में हम सब पर्यावरण प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। यह सब प्रकृति के साथ किए जा रहे खिलवाड़ का ही परिणाम है। हम सभी केवल इस चिंता में व्यस्त हैं कि पेड़-पौधों के नष्ट करने से प्रदूषण बढ़ रहा है, लेकिन क्या हमने कभी इस बात का चिंतन किया है कि हम प्रकृति संरक्षण के लिए क्या कर रहे हैं। क्या हम प्रकृति से जीवन रूपी सांस को ग्रहण नहीं करते? क्या हम शुद्ध वातावरण नहीं चाहते? तो फिर क्यों दूसरों की कमियां देखने में ही व्यस्त हैं। हम स्वयं पहल क्यों नहीं करते? आज प्रकृति कठोर चेतावनी दे रही है। बिगड़ते पर्यावरण के कारण हमारे समक्ष महामारियों की अधिकता होती जा रही हैं। अगर हम इस चेतावनी को समय रहते नहीं समझे तो आने वाला समय कितना विनाशकारी होगा, कल्पना कर सकते हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि हम पर्यावरण को बचाने के लिए बातों से चिंता व्यक्त करते हैं। सवाल यह है कि इस प्रकार की चिंता करने समाज ने अपने जीवन काल में कितने पौधे लगाए और कितनों का संवर्धन किया। अगर यह नहीं किया तो यह बहुत ही चिंता का विषय इसलिए भी है कि जो व्यक्ति पर्यावरण के प्रभाव और दुष्प्रभावों से भली भांति परिचित है, वही निष्क्रिय है तो फिर सामान्य व्यक्ति के क्या कहने। ऐसे व्यक्ति यह भी अच्छी तरह से जानते हैं कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। यह संबंध आज टूटते दिखाई दे रहे हैं। प्राण वायु ऑक्सीजन भी दूषित होती जा रही है। वह तो भला हो कि ईश्वर के अंश के रूप में में भारत भूमि पर पैदा हुआ हमारे इस शरीर में ऐसा श्वसन तंत्र विद्यमान है, जो वातावरण से केवल शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करता है, लेकिन सवाल यह है कि जिस प्रकार से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, उसके अनुपात में पेड़-पौधों की संख्या बहुत कम है। इतना ही नहीं लगातार और कम होती जा रही है। जो भविष्य के लिए खतरे की घंटी है।

आज के समाज की मानसिकता का सबसे बड़ा दोष यही है कि अपनी जिम्मेदारियों को भूल गया है। अपने संस्कारों को भूल गया है। किसी भी प्रकार की विसंगति को दूर करने के लिए समाज की ओर से पहल नहीं की जाती। वह हर समस्या के लिए शासन और प्रशासन को ही जिम्मेदार ठहराता है। हालांकि शासन भी जिम्मेदार है लेकिन शासन के बनाए नियमों का पालन करने की जिम्मेदारी हमारी है। शासन और प्रशासन में बैठे व्यक्ति भी समाज के हिस्सा ही है। इसलिए समाज के नाते पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। पौधों को पेड़ बनाने की दिशा में हम भी सोच सकते हैं। प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए हम कपड़े के थैले का उपयोग कर सकते हैं। अभी ज्यादा संकट नहीं आया है, इसलिए क्यों नहीं हम आज से ही एक अच्छे नागरिक होने का प्रमाण प्रस्तुत करें। क्योंकि दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है।

यहां स्मरण करने वाली बात यह भी है कि कोरोना संक्रमण के चलते हमारी जीवन चर्या में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। जिसमें हर व्यक्ति को अपने जीवन के लिए प्रकृति का महत्व भी समझ में आया, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस परिवर्तन के अनुसार हम अपने जीवन को ढाल पाएं हैं? यकीनन नहीं। वर्तमान में हमारा स्वभाव बन चुका है कि हम अच्छी बातों को ग्रहण करने के लिए प्रवृत्त नहीं होते। जीवन की भी अपनी प्रकृति और प्रवृति होती है। इसी कारण कहा जा सकता है कि जो व्यक्ति प्रकृति के अनुसार जीवनयापन नहीं करता, उसका प्रकृति कभी साथ नहीं देती। हमें घटनाओं के माध्यम से जो संदेश मिलता है, उसे जीवन का अहम हिस्सा बनाना होगा, तभी हम कह सकते हैं कि हमारा जीवन प्राकृतिक है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जन अभियान बने पर्यावरण संरक्षण



रमेश सर्राफ धमोरा

पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के 'परि' उपसर्ग (चारों ओर) और 'आवरण' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। यह शब्द फ्रांसीसी शब्द एनवायरनर से लिया गया है, जिसका अर्थ है घेरना। पर्यावरण को उस परिवेश या परिस्थितियों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें पौधे, जानवर और मनुष्य जैसे जीवित जीव रहते हैं। पर्यावरण की एक सरल परिभाषा में कहा जा सकता है कि मानव जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों को शामिल करने वाली एक प्रणाली है। जैविक या जीवित घटकों में सभी वनस्पति और जीव शामिल हैं, और अजैविक घटकों में पानी, सूरज की रोशनी, हवा, जलवायु आदि शामिल हैं।

हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरुआत 05 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम भारत की संसद द्वारा 1986 में पारित किया गया था। इसे संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत पारित किया गया था। यह 19 नवंबर 1986 को लागू हुआ था। देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई। जिस कारण वहां के पेड़ पौधे काट दिये गये व नदी नालों को बंद कर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए। जिससे वहां रहने वाले पशु, पक्षी अन्यत्र चले गए। लेकिन लॉकडाउन ने लोगों को उनके पुराने दिनों की याद दिला दी है। पुराने समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये पड़ों को देवताओं के समान दर्जा दिया जाता था। ताकि उन्हें कटने से बचाया जा सके। बड़-पीपल जैसे घने छायादार पेड़ों को काटने से रोकने के लिये उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। इसी कारण गावों में आज भी लोग बड़ व पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं।

मनुष्य प्रकृति द्वारा बनाया गया सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है। उसने एक ओर जहां विज्ञान से प्रौद्योगिक का विकास किया वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध शहरीकरण तथा औद्योगिकीकरण भी किया। इसी का नतीजा है कि उद्योगों से निकलने वाला धुआं, दूषित पदार्थ आदि प्रदूषण को जन्म दे रहे हैं। इस कारण जलप्रदूषण, वायुप्रदूषण हुआ है। आवास एवं शहरीकरण हेतु वनों की अत्यधिक कटाई के कारण मिटटी प्रदूषण एवं भूमि कटाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण किसी एक गांव, कस्बे या शहर की समस्या नहीं है अपितु यह संपूर्ण विश्व की बहुत विकराल समस्या बन गई है।


हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। स्वस्थ पर्यावरण हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि बिना इसके स्वस्थ रहने की कल्पना करना मुश्किल है। हमें अपने मन में संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सदभाव के साथ जुड़ कर रहना है। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें।

यदि समय रहते प्रदूषण जैसी समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो इसका खामियाजा संपूर्ण मानव जाति को भुगतना होगा। और इसके भयंकर परिणाम होंगे जो हमारे साथ भविष्य में आने वाली पीढ़ी भी भुगतेगी। नेशनल हेल्थ पोर्टल आफ इंडिया के मुताबिक देश में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हो जाती है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाती है। जिसका हमारे शरीर में फेफड़े, दिल और दिमाग पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में 34 प्रतिशत लोग प्रदूषण की वजह से मरते हैं।

तीन वर्ष पूर्व लॉकडाउन का वह समय पर्यावरण की दृष्टि से अब तक का सबसे उत्तम समय रहा था। उस दौरान शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी वायु प्रदूषण का स्तर घटकर न्यूनतम स्तर पर आ गया है। देश की सभी नदियों का जल पीने योग्य हो गया था। जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया में पिछले वर्ष जैसा पर्यावरण दिवस शायद ही फिर कभी मने। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। लॉकडाउन के दौरान बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गई थी।

विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है।

# प्लास्टिक प्रदूषण गंभीर मुद्दा



रजत मुखर्जी

विश्व पर्यावरण दिवस जो हर साल 5 जून को मनाया जाता है, संयुक्त राष्ट्र द्वारा हमारी पर्यावरण की सुरक्षा के लिए दुनिया भर में जागरुकता और कारवाई को बढ़ावा देने के लिए स्थापित एक महत्वपूर्ण पहल है। यह सार्वजनिक पहुंच के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस विश्व 2024 का विषय "प्लास्टिक प्रदूषण को हराना" है ,जो प्लास्टिक कचरे से जुड़ी बढ़ती पर्यावरणीय और स्वास्थ समस्याओं को दूर करने की तत्काल आवशयकता पर जोड़ देती है। विश्व पर्यावरण दिवस का इतिहास 1972 में स्वीडन के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान शुरू हुआ। इस सम्मेलन ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी)की स्थापना की, और विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत की। जिसे पहली बार 1974 में मनाया गया। तबसे यह एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, जिसमें सरकारें, व्यवसाय और व्यक्ति ऐसी गतिविधि में शामिल है। जो जागरुकता बढ़ाती है। और सकारात्मक पर्यावरण कारवाई को बढ़ावा देती है।

प्लास्टिक प्रदूषण एक गंभीर पर्यावरणीय मुद्दा है। हर साल लाखों टन प्लास्टिक कचरा समुद्र में समा जाता है। जिससे समुद्री जीवन को गंभीर नुकसान पहुंचा है। और यह मानव खाद्ध श्रृंखला में प्रवेश करता है। प्लास्टिक विघटित नहीं होता इसके बजाय यह माइक्रो प्लास्टिक में टूट जाता है, जिसे प्रतिबंधित करना और भी अधिक चुनौतीपूर्ण होता है और यह सैकड़ो वर्षों तक पर्यावरण में बना रहता है प्लास्टिक प्रदूषण से निबटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवशयकता है, जिसमें प्लास्टिक उत्पादन को कम करना, अवशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ाना, पुनःचक्रण को बढ़ावा देना और टिकाऊ विकल्पों के विकास और उपयोग को प्रोत्साहन करना शामिल है। विश्व पर्यावरण दिवस 2024 का उद्देश प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को संगठित करना है। यह व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में संधारणीय विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जैसा कि पुनः प्रायोज्य बैग, बोतले और कंटेनर का उपयोग करना और एकल उपयोग वाले प्लास्टिक से बचना। व्यवसाय से संधारणीय प्रयासों को अपनाने और ऐसी उत्पादन को डिजाइन करने में नवाचार करने का आग्रह किया जाता है जिन्हें जिस रीसाइकिलिंग या खाद बनाना आसान हो। सरकारों से प्लास्टिक कचरे को कम करने और एक परिपत्र अवस्था को बढ़ावा देने वाली नीतियों और विनियम को लागू करने का आवाहन किया जाता है।

अंत में विश्व पर्यावरण दिवस एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जो पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करती है। जागरुकता बढ़ाकर संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देकर और सामूहिक कार्यवाही को प्रोत्साहित करके, इसका उद्देश एक स्वस्थ अधिक संधारणीय ग्रह बनाना है। जैसा कि हम इस दिन को मनाते हैं, आइए इस दिन को पर्यावरण दिवस बनाने के लिए प्रतिबद्ध हो, अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने बहुमूल्य प्रकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाएं।

# सिर्फ चिंता जताने से नहीं कम होगा पर्यावरण प्रदूषण



योगेश कुमार गोयल

पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान समय में सबसे बड़ी वैश्विक समस्या है। तीन दशकों से महसूस किया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण से ही जुड़ी है। मानवीय क्रियाकलापों के कारण प्रकृति में लगातार बढ़ते दखल के कारण पृथ्वी पर बहुत से प्राकृतिक संसाधनों का विनाश हुआ है। आधुनिक जीवनशैली, पृथ्वी पर पेड़-पौधों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण का विकराल रूप, मानव द्वारा प्रकृति का बेदर्दी से दोहन इत्यादि कारणों से मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन की भयावह खाई उत्पन्न हो रही है। जलवायु परिवर्तन और प्रदूषित वातावरण के बढ़ते खतरे हम अब लगातार अनुभव कर रहे हैं। इसीलिए पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 05 जून को पूरी दुनिया में 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा 16 जून 1972 को स्टॉकहोम में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की गई थी और पहला विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 1974 को मनाया गया था।

पर्यावरण की रक्षा और प्रकृति के उचित दोहन को लेकर हालांकि यूरोप, अमेरिका तथा अफ्रीकी देशों में 1910 के दशक से ही समझौतों की शुरुआत हो गई थी, किन्तु बीते कुछ दशकों में दुनिया के कई देशों ने इसे लेकर क्योटो प्रोटोकाल, मांट्रियल प्रोटोकाल, रियो सम्मलेन जैसे कई बहुराष्ट्रीय समझौते किए हैं। अधिकांश देशों की सरकारें पर्यावरण को लेकर चिंतित तो दिखती हैं लेकिन पर्यावरण की चिंता के बीच कुछ देश अपने हितों को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण की नीतियों में बदलाव करते रहे हैं। प्रदूषित वातावरण का खामियाजा केवल मनुष्यों को ही नहीं बल्कि धरती पर विद्यमान प्रत्येक प्राणी को भुगतना पड़ता है। बड़े पैमाने पर प्रकृति से खिलवाड़ के ही कारण दुनिया के विशालकाय जंगल हर साल सुलगने लगे हैं, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को खरबों रुपये का नुकसान होने के अलावा दुर्लभ जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियां भी भीषण आग में जलकर राख हो जाती हैं। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान दुनियाभर में पर्यावरण की स्थिति में सुधार देखा गया था, जिसने बता दिया था कि अगर हम चाहें तो पर्यावरण की स्थिति में काफी हद तक सुधार किया जा सकता है लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपेक्षित



कदम नहीं उठाए जाते। न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में निरन्तर हो रही बढ़ोतरी और मौसम का लगातार बिगड़ता मिजाज गहन चिंता का विषय बना है। जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर चर्चा और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में स्पष्ट किया गया है कि धरती में रह-रहकर जो उथल-पुथल की प्राकृतिक घटनाएं घट रही हैं, उनके पीछे छिपे संकेतों और प्रकृति की मूक भाषा को समझना कितना जरूरी है। आधुनिकरण और औद्योगिकीकरण की दौड़ में हमने हर पल प्रकृति की नैतिक सीमाओं का उल्लंघन किया है और ये सब प्रकृति के साथ इंसान की ज्यादतियों का ही नतीजा हैं, जिसके भयावह परिणाम हमारे सामने हैं।

मानवीय क्रियाकलापों के कारण ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है कि हमें सांस के जरिये असाध्य बीमारियों की सौगात मिल रही है। सीवरेज की गंदगी स्वच्छ जल स्रोतों में छोड़ने की बात हो या औद्योगिक इकाइयों का अम्लीय कचरा नदियों में बहाने की अथवा सड़कों पर रेंगती वाहनों की लंबी-लंबी कतारों से वायुमंडल में घुलते जहर की या फिर सख्त अदालती निर्देशों के बावजूद खेतों में जलती पराली से हवा में घुलते हजारों-लाखों टन धुएं से भी हमारी आंखें तब तक नहीं खुलती, जब तक प्रकृति का बड़ा कहर हम पर नहीं टूट पड़ता। पेट्रोल और डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया गया है। धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसके दुष्परिणाम स्वरूप ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है।

प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें निरन्तर चेतावनियां देती रही है कि यदि हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है लेकिन हम हर बार प्रकृति का प्रचंड रूप देखने के बावजूद प्रकृति की इन चेतावनियों को नजरअंदाज कर खुद अपने विनाश को आमंत्रित कर रहे हैं। यदि दुनियाभर में पर्यावरण प्रदूषण की विकराल होती वैश्विक समस्या को देखें तो स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे शायद हम कुछ करना ही नहीं चाहते। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक' में बताया गया है कि पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के कारण दुनियाभर में लोग तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं?

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने नवीन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ दिया बड़ी कार्रवाई को अंजाम

# जेडीए ने 33 बीघा भूमि पर आठ अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

चमकता राजस्थान





**जयपुर।(खलील कुरैशी) 04 जून।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-11 में निजी खातेदारी की करीब 09 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त एवं जोन-12 में निजी खातेदारी करीब 24 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कलवाड़ा, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''बालाजी एन्कलेव'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कलवाड़ा, जिला जयपुर में ही करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''राधा-रानी विहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बगरू तहसील सांगानेर, लिंक रोड़ अस्पताल के सामने, जिला जयपुर में करीब 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बगरू तहसील सांगानेर, लिंक रोड़ अस्पताल के सामने जिला जयपुर में ही करीब 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सांजरिया, अर्जुन टीला के पास जिला जयपुर में करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगीइसी प्रकार जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बिंदायिका पोलो क्लब के पास जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''जीवन विहार' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, सीमेन्ट के ब्लॉक के बाउण्ड्रीवाल, चारदिवारी, कोठरियां व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सिरसी गांधी पथ रोड़, गांधी बस्ती, टियोलर स्कूल के पास, जिला जयपुर में करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''राज विहार-2'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, चारदिवारी, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम भोज्याबास भाकरोटा में हाई टेंषन लाईन के पास जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''पटेल नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, चारदिवारी, टीनषेडनुमा सीमेन्ट के ब्लॉक से बनी कोठरी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-12, 01 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### तम्बाकू निषेध गतिविधियों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, दिलाई तंबाकू निषेध शपथ



**चमकता राजस्थान।** धौलपुर( रामदास तरुण) धौलपुर, 4 जून को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 21 जून तक चलने वाले अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज में नशा मुक्त समाज की परिकल्पना साकार करने हेतु विद्यार्थियों के लिए तम्बाकूँ निषेध गतिविधियों का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने समस्त छात्र-छात्राओं को तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं तम्बाकू की नियंत्रण गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और श्वसन संबंधी बीमारियों सहित कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। धूम्रपान छोड़ने से हम इन स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने के जोखिम को कम करते हैं और अपने समग्र स्वास्थ्य और खुशहाली में सुधार करते हैं। इस दौरान कोटपा एक्ट की विभिन्न धाराओं के बारे में भी बताया साथ ही तम्बाकू का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय मित्तल, प्रधानाचार्य नीलम जी एवं नर्सिंग ऑफिसर मोहर सिंहमीणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजेंद्र ओला की जीत पर मनाया जशन

- कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर




**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)।** लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद राजस्थान के शेखावाटी की तीन सीटों पर भाजपा की हार के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है ' लोकसभा चुनाव में सीकर लोकसभा सीट से कांग्रेस गठबंधन के अमराराम चौधरी चूरू से राहुल कस्वा और झुंझुनू से कांग्रेस के विजेंद्र ओला की जीत हुई है ' झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विजेंद्र ओला की जीत पर जहां एक तरफ जिले में कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है इस तरह उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र में भी ओला की जीत पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया ' एवं एक दूसरे का मुंह मीठा भी करवाया ' इस दौरान पार्षद अजय तसीड,नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजय खान, पार्षद गोविंद वाल्मीकि, अमित अली कच्छावा, पार्षद पिंटू स्वामी ,पार्षद शयामलाल सैनी ,पार्षद माहिर खान, पार्षद प्रतिनिधि भागीरतमल सैनी ,पार्षद प्रतिनिधि राकेश जमालपुरिया, कांग्रेस कार्यकर्ता विक्रम असवाल,अरुणबिसायती , फिरोज खान, बंटी मुगल ,राहुल चेजारा, अजीज नागोरी सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माक्र्सिसस्ट) के अमराराम 72 हजार 896 मतों से विजयी

चमकता राजस्थान



सीकर ' (सुमेर सिंह राव) जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि 18वीं लोकसभा के चुनाव में सीकर 05 संसदीय क्षेत्र से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी अमराराम ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती को 72 हजार 896 मतों से पराजित करके विजय श्री प्राप्त की है। अमराराम को 6 लाख 59 हजार 300 मत मिले है, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती को 5 लाख 86 हजार 404 मत प्राप्त हुए। बहुजन समाज पार्टी के अमरचंद को 8 हजार 619, अम्बेडकरवादी पार्टी ऑफ इंडिया के अशोक सेहरा को 5 हजार 382, उम्मीद पार्टी ऑफ इंडिया के दीरेन्द्र वर्मा को 2 हजार 944, राष्ट्रीय स्वर्ण दल के बेनी प्रसाद कौशिक (लाटा) को एक हजार 731, भारतीय पार्टी के रमेश शर्मा को एक हजार 549, भारतीय युवा जन एकता पार्टी के विजेन्द्र महरिया को एक हजार 451, निर्दलीय ओमप्रकाश को एक हजार 224, निर्दलीय बीरबल सिंह को एक हजार 81, निर्दलीय महेश कुमार को दो हजार 56, निर्दलीय रविन्द्र सिंह शेखावत को 6 हजार 25, निर्दलीय विष्णु कुमार नटराज को 5 हजार 803, निर्दलीय सुरेश पारीक को 10 हजार 21 मत प्राप्त हुए है तथा नोटा में 7 हजार 266 मतदाताओं ने अपने मत दिए है।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि सीकर संसदीय क्षेत्र में 13 लाख 856 वैध मत पाए गए है जबकि 3 हजार 481 मत रद्द हुए है। सीकर संसदीय क्षेत्र में कुल 13 लाख 4 हजार 337 मतों की गिनती की गई है।

# जिला कलक्टर ने दिखाई संवेदनशीलता, सड़क हादसे में घायलों को पहुँचाया अस्पताल



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण) धौलपुर, 5 जून** को जिला कलक्टर निधि बी टी ने सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर अपनी संवेदनशीलता दिखाई। हुआ यूं कि जिला कलक्टर निधि बी टी बाड़ी मार्ग पर जा रहे थे। इस दौरान लाइन का पुरा के पास रास्ते में 3 व्यक्ति दुर्घटना ग्रस्त होकर घायल अवस्था में सड़क पर पड़े हुए थे। जिला कलक्टर ने जब घायल अवस्था में उनको देखा तो तत्काल अपनी गाड़ी रुकवाई। जिला कलक्टर ने घायलों को वाहन में बैठाकर अस्पताल पहुँचाया एवं दूरभाष पर चिकित्सा अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिए।

## लोकसभा आमचुनाव 2024

# कॉग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव 51 हजार 983 मतों से विजयी हुई

चमकता राजस्थान



**भरतपुर,(राजवीर सिंह)** । लोकसभा आम चुनाव की मतगणना मंगलवार को एमएसजे कॉलेज में कडी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई, संसदीय क्षेत्र में शामिल 8 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1127557 वैध मतों में से इन्डियन नेशनल कॉग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव 579890 मत प्राप्त कर 51 हजार 983 मतों से विजयी हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को 579890, भाजपा के प्रत्याशी रामस्वरूप कोली को 527907, बसपा की प्रत्याशी अंजिला जाटव को 9508, निर्दलीय अभ्यर्थियों में अनिता को 5119, पुरूषोत्तम को 2747, पुष्पेन्द्र कुमार को 2386 और नोटा को 5443 वोट मिले। उन्होंने बताया कि 19164 पोस्टल/ईटीपीबीएस मत पडे। इनमें से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को 7082, भाजपा के प्रत्याशी रामस्वरूप कोली को 8638, बसपा प्रत्याशी अंजिला जाटव को 210, नर्दलीयों में अनिता को 92, पुरूषोत्तम लाल 17, पुष्पेन्द्र कुमार को 12 तथा नोटा पर 99 मत मिले तथा 3014 वोट निरस्त हो गये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभावार कठूमर में कुल 126016 वोट पडे थे। इनमें से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को 66271, भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली को 57429, बसपा प्रत्याशी अंजिला जाटव को 667, निर्दलीय अभ्यर्थियों में अनिता को 541, पुरूषोत्तम को 297, पुष्पेन्द्र कुमार को 257 और नोटा को 554 वोट मिले।

कामां में कुल 168618 वोट पडे थे। इनमें से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को 105596, भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली को 59428, बसपा प्रत्याशी अंजिला जाटव को 1348, निर्दलीय अभ्यर्थियों में अनिता को 803, पुरूषोत्तम को 385, पुष्पेन्द्र कुमार को 322 और नोटा को 736 वोट मिले।

नगर में कुल 147137 वोट पडे थे। इनमें से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को 80471, भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली को 63905, बसपा प्रत्याशी अंजिला जाटव को 852, निर्दलीय अभ्यर्थियों में अनिता को 610, पुरूषोत्तम को 360, पुष्पेन्द्र कुमार को 302 और नोटा को 637 वोट मिले।

डीग-कुम्हेर में कुल 123568 वोट पडे थे। इनमें से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को 61747, भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली को 58878, बसपा प्रत्याशी अंजिला जाटव को 1151, निर्दलीय अभ्यर्थियों में अनिता को 717, पुरूषोत्तम को 278, पुष्पेन्द्र कुमार को 251 और नोटा को 546 वोट मिले।

भरतपुर में कुल 145526 वोट पडे थे। इनमें से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को 63381, भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली को 81279, बसपा प्रत्याशी अंजिला जाटव को 1613, निर्दलीय अभ्यर्थियों में अनिता को 547, पुरूषोत्तम को 365, पुष्पेन्द्र कुमार को 336 और नोटा को 1 हजार 5 वोट मिले।

नदबई में कुल 145122 वोट पडे थे। इनमें से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को 66519, भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली को 75603, बसपा प्रत्याशी अंजिला जाटव को 1381, निर्दलीय अभ्यर्थियों में अनिता को 489, पुरूषोत्तम को 309, पुष्पेन्द्र कुमार को 244 और नोटा को 577 वोट मिले।

वैर में कुल 138239 वोट पडे थे। इनमें से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को 69482, भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली को 66040, बसपा प्रत्याशी अंजिला जाटव को 812, निर्दलीय अभ्यर्थियों में अनिता को 628, पुरूषोत्तम को 363, पुष्पेन्द्र कुमार को 301 और नोटा को 613 वोट मिले।

बयाना में 122624 वोट पडे थे। इनमें से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव को 62341, भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली को 56707, बसपा प्रत्याशी अंजिला जाटव को 1474, निर्दलीय अभ्यर्थियों में अनिता को 692, पुरूषोत्तम को 373, पुष्पेन्द्र कुमार को 361 और नोटा को 676 वोट मिले।सभी चुनाव पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में रिटर्निंग अधिकारी डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार मीणा,अतिरिक्त कलक्टर शहर श्वेता यादव व अन्य अधिकारी दिनभर मतगणना सम्बन्धी व्यवस्थाओं में लगे रहे। परिणाम आने पर रिटर्निंग अधिकारी ने विजेता प्रत्याशी संजना जाटव को प्रमाण पत्र सौंपा।

## एक नजर

### सपा और भाजपा के समर्थक भिड़े, कई घायल



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना हो रही है। इसी बीच राजधानी लखनऊ में मतगणना स्थल पर समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थक भिड़ गये। इनमें कई कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आयी हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया है। मतगणना स्थल के बाहर गीतापल्ली के पास सपा कार्यकर्ता और भाजपा कार्यकताओं में नारेबाजी को लेकर हाथापाई हो गयी। देखते ही देखते दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में मारपीट शुरू हो गयी। इसमें सपा कार्यकर्ता सुएश यादव को चोट लगी है। हाथापाई की खबर मिलते ही सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया।

### पाकिस्तान में बुजुर्ग की पिटाई से मौत



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में पिछले सप्ताह हिंसक भीड़ द्वारा गंभीर रूप से घायल किए एक बुजुर्ग ईसाई व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।
कट्टरपंथी इस्लामवादी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में एक उग्र भीड़ ने 25 मई को लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर पंजाब के सरगोधा जिले के मुजाहिद कॉलोनी में ईसाई समुदाय के सदस्यों पर हमला किया, जिसमें दो ईसाई और 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ ने ईसाइयों के घरों और संपत्तियों को जला दिया और लूटपाट की। पुलिस के अनुसार, भीड़ ने नजीर मसीह उर्फ लजार मसीह नामक बुजुर्ग ईसाई के घर और जूता फैक्ट्री को घेर लिया और उन पर कुरान के अपमान का आरोप लगाया। उग्र भीड़ ने जूता फैक्ट्री, कुछ दुकानों और कुछ घरों में आग लगा दी। एफआईआर में कहा गया है, उन्होंने मसीह को भी बेरहमी से जला दिया, लेकिन समय पर भारी पुलिस बल के पहुंचने से मसीह और ईसाई समुदाय के 10 अन्य सदस्यों को बचा लिया गया। एफआईआर में कहा गया है कि जूता फैक्ट्री के बाहर कथित तौर पर पवित्र कुरान के कुछ पन्ने पाए गए, जिससे स्थानीय लोग भड़क गए।

### खाई में गिरी बाइक, दो युवक मौत

**गुप्तकाशी।** गुप्तकाशी के निकट केदरनाथ यात्रा मार्ग पर एक बाइक खाई में गिर गई। बाइक पर दो युवक सवार थे, जिनका दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस सोनप्रयाग ने एसडीआरएफ टीम को सूचित किया कि गुप्तकाशी के पास एक बाइक खाई में गिर गई है। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और युवकों के शव सड़क मार्ग तक पहुंचाया। दोनों युवकों की पहचान श्रीकोट निवासी जयदीप सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह और रोहित पुत्र रामसिंह के रूप में हुई।

### ब्रिटेन के लिए जासूसी कर रहे दो चीनी नागरिक गिरफ्तार

**बीजिंग।** चीन ने अपने दो नागरिकों को ब्रिटेन के लिए जासूसी करने पर गिरफ्तार कर लिया है। यह खुलासा चीनी खुफिया एजेंसी ने करते हुए गताया कि दोनों नागरिक ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई-6 के लिए काम कर रहे थे। गिरफ्तार होने वाले एक दंपति को पकड़ा है। चीन की खुफिया एजेंसी और राज्य सुरक्षा मंत्रालय (एमएसएस) ने कहा है कि उन्होंने एमआई-6 से जुड़े एक महत्वपूर्ण जासूसी मामले का खुलासा किया है। सरकार के महत्वपूर्ण विभाग में कार्य करने वाले दोनों नागरिकों से ब्रिटेन की ओर से जासूसी कराया जा रहा था। यह आरोप ब्रिटिश पुलिस के उस दावे के कुछ हफ्ते बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने तीन लोगों को हांगकांग की खुफिया एजेंसी के लिए कार्य करने में हिरासत में लिया था। पकड़े गए दंपति का सिर्फ सरनेम जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि वांग और जोउ को एमआई-6 की ओर से भर्ती किया गया था।

### ब्रिटेन में बॉलीवुड गायक सोनू निगम मानद फेलोशिप से सम्मानित

**लंदन।** ब्रिटेन में बॉलीवुड गायक सोनू निगम को संगीत के क्षेत्र में उनके विश्वव्यापी प्रभाव और योगदान के लिए प्रमुख भारतीय प्रवासी छात्र संगठन ने मानद फेलोशिप से सम्मानित किया है। सोनू निगम इस समय एक संगीत कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ब्रिटेन में मौजूद हैं। ब्रिटेन के नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन (एनआईएसएयू) ने पिछले सप्ताहांत लंदन के वेम्बली एरिना में निगम की प्रस्तुति के दौरान उन्हें फेलोशिप से सम्मानित किया। लेबर पार्टी के वरिष्ठ ब्रिटिश भारतीय सांसद वीरेंद्र शर्मा और स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय संस्कृति के एमेरिट्स प्रोफेसर रेचल ड्वायर ने मंच पर निगम को सम्मानित किया। इससे पहले अभिनेत्री शबाना आजमी, लेखक जावेद अख्तर और अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर समेत कई अन्य हस्तियों को यह मानद फेलोशिप प्रदान की जा चुकी है।

-कांग्रेस कार्यकर्ता व समर्थकों में छायी खुशी की लहर

# करौली-धौलपुर के नवनिर्वाचित सांसद जाटव की जीत के उत्साह में जगह- जगह मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित

चमकता राजस्थान

वैर,(राजवीर सिंह) करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी एवं भजनलाल जाटव की जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ता और उसके समर्थकों ने उनके गांव झालाटाला,हलैना,वैर सहित भरतपुर जिले के कई कस्वा व गांवों जश्न मनाया तथा मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की। साथ ही नव निर्वाचित सांसद जाटव ने कहा कि लोकतन्त्र ने गैर कांग्रेस दलों को वोट से जवाव दिया है और उनकी तानाशाही व हठधर्मी का घमण्ड चूर कर दिया। करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भजनलाल जाटव की प्रारम्भ की लीड खबर आते ही दोपहर से ही जश्न मनाना शुरू तथा जीत की खबर पर जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाए एवं गुलाल लगाई। साथ ही दूरभाष पर उन्हे बधाईयां दी। कृषि उपज मण्डी भुसावर-वैर के पूर्व



चेयरमेन तोताराम प्रधान,प्रमुख व्यापारी योगेश जिन्दल,रामवीर गुर्जर,ग्राम पंचायत हतीजर के सरपचं प्रतिनिधी गिर्राज सिंह डागुर,भगवान सिंह ठेकेदार भोंसीगा,पूर्व सरपचं रामसुख सैनी गोविन्दपुरा,विष्णु मित्तल पत्रकार,ललिता मूडिया के लोकेन्द्र फौजदार सरपचं,नगर

### पूर्व केबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव की जीत पर झालाटाला-हलैना जश्न

पालिका वैर के उप चेयरमेन गिरवर गर्ग,प्रमुख व्यापारी नीरज गर्ग आदि ने खुशी प्रकट कर नव निर्वाचित सांसद भजनलाल जाटव का फूल माला पहना कर सम्मान किया। तोताराम प्रधान व योगेश जिन्दल ने बताया कि भजनलाल जाटव का जन्म स्थान कस्वा हलैना निकटवर्ती गांव झालाटाला में हुआ,ये साल 2014 में वैर विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर लडे और जीत हासिल कीं। साल 2018 में लगातार दूसरी बार वैर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लडा और जीत हासिल की । साल 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली बार राज्यमंत्री पद की जिम्मेदारी प्राप्त हुई। गहलोत सरकार के द्वारा किए मन्त्रीमण्डल फेरबदल करने पर राज्यमंत्री से केबिनेट मंत्री पद बनाया गया और सार्वजनिक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी मिली। साल 2023 के हुए विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार वैर विधानसभा से चुनाव लडा और कम वोट के अन्तर से हार गए। कांग्रेस हाईकमान ने 2024 में पूर्व केबिनेट मंत्री भजनलाल जाटव को करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया गया और भाजपा प्रत्याशी इन्दु जाटव को हरा कर जीत हासिल की। उन्होने बताया कि पूर्व केबिनेट मंत्री व करौली-धौलपुर लोकसभा के सांसद भजनलाल जाटव के पुत्र दीपक कुमार की धर्मपत्नी साक्षी कुमारी वर्तनाम में पंचायत समिति वैर की प्रधान है और उनकी पुत्री सुमन कुमारी भी वर्तमान में पंचायत समिति वैर की पंचायत समिति सदस्य है।

## जनता का फैसला मुझे स्वीकार है : कमलनाथ

भोपाल/छिंदवाड़ा। एजेंसी

मध्य प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटों पर मतगणना जारी है। प्रदेश में भाजपा क्लीन स्वीप करती नजर आ रही है। कांग्रेस का गढ़ रही छिंदवाड़ा सीट पर भाजपा सेंध लगाती नजर आ रही है। यहां 40 वर्ष का रिकॉर्ड टूटने जा रहा है। छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस करारी पराजय की ओर बढ़ रही है। यहां भाजपा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू ने छठे राउंड के बाद कांग्रेस उम्मीदवार नकुल नाथ पर 55 हजार से अधिक मतों की बढ़त बना ली है।
छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार और सांसद नकुल नाथ पीछे चल रहे हैं। कमल नाथ ने बेटे नकुल नाथ की हार स्वीकार कर ली है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत में उन्होंने



कहा कि छिंदवाड़ा की जनता का जो फैसला है, उसे मैं स्वीकार करता हूं। आईएनडीआईए के पक्ष में जो रुझान आए हैं, वे बहुत अच्छे हैं। दूसरे दलों के साथ मिलकर सरकार बनाने का प्रयास करना चाहिए। बता दें कि बेटे के लिए छिंदवाड़ा में चुनाव की कमान पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने संभाली थी।

## विश्व पर्यावरण दिवस चिकित्सा संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे पौधे

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** जयपुर प्रथम। जन सामान्य को पर्यावरण के महत्व से परिचित करवाकर इनके संरक्षण के प्रयास करने के उद्देश्य से हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि बुधवार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समस्त चिकित्सा संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर वर्ष 2024 की थीम 'भूमि पुनस्थापना,




मरुस्थलीकरण और सूखा Clothing रखा गया है। डॉ. शेखावत ने कहा कि पौधारोपण करने के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण का मानव स्वास्थ्य पर होने वाले खतरों से बचाव संबंधित जानकारी के संदेश के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करें। डॉ. शेखावत ने आमजन से अपील की कि विश्व पर्यावरण दिवस पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर उसकी सार-सम्भाल का प्रण लें।

## पर्यावरण संरक्षण बने जीवन की प्राथमिकता: कलराज मिश्र



जयपुर। एजेंसी

राज्यपाल कलराज मिश्र ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने सभी से पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाते हुए स्वच्छ पर्यावरण और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने में सहभागिता का आह्वान किया है। राज्यपाल मिश्र ने कहा है कि पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने, बेतहाशा बढ़ते प्रदूषण को रोकने और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रकृति के साथ मानवता का तादात्म्य जरूरी है। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनका संरक्षण और प्रकृति पोषण के लिए काम करने, विकास के साथ हरित भवनों के निर्माण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया है।

## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र "ग्रेट प्लेस टू वर्क" प्रदान किया गया

ऋषिकेश। एजेंसी

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके बिश्नोई ने बताया कि संगठन को "ग्रेट प्लेस टू वर्क" प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया द्वारा प्रदान किया गया है, जो सकारात्मक और समावेशी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए टीएचडीसीआईएल की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ता प्रदान करता है।
मानव संसाधन प्रयासों और समावेशी कार्य संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए बिश्नोई ने एक बयान में कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि गहन मूल्यांकन मापदंडों पर आधारित इस अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के



अनुकरणीय मानव संसाधन प्रयासों और कार्य संस्कृति को मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि जल विद्युत के दोहन की प्रक्रिया में आने वाली सभी असाधारण चुनौतियों का समाधान खोजने के साथ ही टीएचडीसी के सभी कर्मचारी सकारात्मक और सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देने में निरंतर अटूट समर्पण और अद्वितीय उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने संगठनात्मक विकास पर प्रभावी मानव संसाधन प्रयासों के गहरे प्रभाव को रेखांकित करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि विशिष्टतायुक्त मानव संसाधन प्रबंधन के लिए टीएचडीसी की प्रतिबद्धता "ग्रेट प्लेस टू वर्क" के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में सिद्ध हुई है। उन्होंने कहा कि "ग्रेट प्लेस टू वर्क" के प्रमाणन के साथ, टीएचडीसी न केवल ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी होते हुए अपनी स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि अपने मानव संसाधन मानकों को सर्वोपरि करने के इच्छुक अन्य संगठनों के लिए एक बेंचमार्क भी स्थापित करती है, जो अंततः व्यक्तियों के समग्र विकास एवं जन समुदायों की सेवा में योगदान देते हैं।

## युवाओं के हकों की लड़ाई जारी रखेगी भाजपा : भव्य बिश्नोई

हिसार। एजेंसी

विधायक एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने कहा है कि अंत्योदय के भाव से समाज के गरीब, वंचित और कमजोर लोगों के एवं प्रदेश के युवाओं के हकों की लड़ाई को भाजपा व युवा मोर्चा और भी मजबूती से जारी रखेगी। भव्य बिश्नोई मंगलवार को आदमपुर हलके के आधा दर्जन गांवों में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के दौरान लोगों से बातचीत कर रहे थे। हरियाणा में सरकारी नौकरियों में सामाजिक और आर्थिक आधार पर पांच अंक देने के फैसले को हाईकोर्ट द्वारा रद्द किए जाने के मामले में भव्य बिश्नोई ने अपना विस्तृत पक्ष रखते हुए कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के युवा वर्ग के हितों के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत लड़ाई जारी रखेगी और सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी।
प्रदेश सरकार गरीब और युवाओं के साथ अन्याय नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गरीब वंचित और मैरिट वाले युवाओं को नौकरियां भाजपा ने ही दी हैं और आगे भी भाजपा ही देगी।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**राजगढ़।** लीमाचैहान थाना पुलिस टीम ने श्यामगी घाटा कॉलोनी के समीप लगाए गए चैकिंग पांइट से चोरी की बाइक के साथ युवक को गिरफ्तार किया। जो बाइक के कागजात प्रस्तुत नही कर सका, पूछताछ पर उसने डेढ़ माह पूर्व खजुरियाघाटा से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। थाना प्रभारी अनिल राहेरिया ने मंगलवार को बताया कि 16 अप्रैल को दीपककुमार रघुवंशी ने शिकायत दर्ज की। अज्ञात बदमाश गांव से पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 39 जेड़ई 3265 चोरी कर ले गया, जिसकी कीमत 80 हजार रुपए है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने लगाए गए चैकिंग पांइट से चोरी की बाइक के साथ अर्जुन गुर्जर को गिरफ्तार किया, जो बाइक के कागजात प्रस्तुत नही कर सका साथ ही उसने डेढ़ माह पूर्व ग्राम खजुरियाघाटा से बाइक चोरी करना स्वीकार किया।

**शोभायात्रा** | अचला एकादशी पर श्री तिरुपति धाम में भगवान श्री वेंकटेश की निकली सवारी शोभा यात्रा

# भगवान वेंकटेश की सवारी शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

- श्री तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश का मुख्य मंदिर विद्यमान है
- धाम परिसर जय भगवान वेंकटेश के उदघोष से गुंजायमान हो उठा

- दक्षिण भारत से लाए गए पत्थरों से निर्मित इस मंदिर में भगवान वेंकटेश के आलौकिक दर्शन होते हैं



हिसार। एजेंसी

श्री तिरुपति बालाजी धाम में अचला एकादशी पर भगवान श्री वेंकटेश जी की सवारी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। अर्चकों ने पूरे विधि विधान से भगवान वेंकटेश जी की पूजा व आराधना की और भगवान का तिरुमंजन किया गया। भगवान वेंकटेश जी के चल विग्रह को पालकी में सवार करके शोभायात्रा निकाली गई।
श्रद्धालुओं ने भगवान वेंकटेश की सवारी को रस्सों से खींचकर तिरुपति धाम की परिक्रमा की। इस दौरान पूरा तिरुपति धाम परिसर जय भगवान वेंकटेश के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। अचला एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा व आराधना का विशेष महात्म्य है। वेंकटेश जी भगवान विष्णु का ही स्वरूप हैं। इसलिए श्री तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश का मुख्य मंदिर विद्यमान है। दक्षिण भारत से लाए गए पत्थरों से निर्मित इस मंदिर में भगवान वेंकटेश के आलौकिक दर्शन होते हैं। इस मुख्य मंदिर के साथ ही माता पद्मावती व माता गोदांबा के मंदिर भी स्थापित किए गए हैं। इनके अलावा धाम में श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिर भी विशेष दर्शनीय हैं।
हिसार में लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में स्थापित श्री गरुण स्तंभ, बलिपीठम, विशाल घंटाघर, पवित्र पुष्करणी, श्री तिरुपति यज्ञशाला व श्रीनिवास गोशाला का भी श्रद्धालुओं ने अवलोकन किया। तिरुपति धाम में 71 फुट ऊंचा गोपुरम भी निमार्णाधीन है। यह गोपुरम दक्षिण भारतीय शैली में वहीं के कारीगरों द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग- 52 पर पचोर थाना क्षेत्र में उदनखेड़ी स्थित टोलनाका के समीप राधाकृष्ण ढाबा के सामने इंदौर तरफ से जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात कंटेनर ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार 62 वर्षीय व्यक्ति की गंभीर चोटें लगने से मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी, बेटा सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और अज्ञात चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती रात हाइवे स्थित उदनखेड़ी टोल नाका के आगे राधाकृष्ण ढ़ाबा के सामने इंदौर से गुना तरफ जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने कार को पीछे से टक्कर मार दी।

## परिवार व समाज को स्वस्थ रखने की विधा है योग: प्रो. राकेश शर्मा



मेरठ। एजेंसी

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग के समन्वय प्रो. राकेश शर्मा ने कहा कि योग परिवार व समाज को स्वस्थ रखने की विधा है। इसलिए लोगों को प्रतिदिन योग करना चाहिए। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को राजा महेंद्रप्रताप पुस्तकालय प्रांगण में निशुल्क योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रो. राकेश शर्मा ने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए लोगों को योग करना चाहिए।
योगाचार्यों ने कहा कि पैरों में भयानक व्याधि होनेपर पैरों में नशे नीली हो जाती है। उनमें असहनीय दर्द रहता है। जिसे लेकर चलने में खड़े होने में असहजता की अनुभूति होती हैं इसके बचाव के लिए उत्तानपाद आसन, अर्द्ध हलासन करना चाहिए।

## लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना

# एनडीए की हैट्रिक, फिर एक बार मोदी सरकार...

## शुरूआती रुझानों में एनडीए ने पार किया बहुमत का आंकड़ा

### 1962 के बाद तीसरी बार रिपीट हुई कोई सरकार, बीजेपी ने अकेले जीती इंडिया से ज्यादा सीटें : पीएम मोदी


**नईदिल्ली/एजेंसी।**

7 चरणों और 43 दिनों तक चली लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया खत्म हो गई है और आज नतीजों का दिन है।आज तय हो जाएगा कि क्या विपक्षी गठबंधन इंडिया सरकार बनाने जा रहा है या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (इंडिया) लगातार तीसरी बार सत्ता में लौट रहा है।शुरूआती रुझानों में एनडीए ने 295 और इंडिया गठबंधन ने 229 सीटों पर बढ़त बनाई हुई है। भाजपा ने एक सीट जीत ली है।

7 चरणों में 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेशों की 542 सीट पर करीब 65.14 प्रतिशत मतदान हुआ है।19 अप्रैल को पहले चरण में 66.1 प्रतिशत, 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 66.7 प्रतिशत, 7 मई को तीसरे चरण में 65.7 प्रतिशत, 13 मई को चौथे चरण में 69.2 प्रतिशत, 20 मई को पांचवें चरण में 62.2 प्रतिशत और 25 मई को छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ था।

चुनाव आयोग के मुताबिक, मतगणना में सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। पोस्टल बैलेट में 2 श्रेणियां होंगी। पहले सेना, सुरक्षाबलों के जवानों और अधिकारियों के वोट गिने जाएंगे। फिर चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के वोट गिने जाएंगे।इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वोट गिने जाएंगे। फिर ईवीएम का वीवीपैट से मिलान किया जाएगा और वीवीपैट की पर्ची गिनी जाएगी। ईवीएम और पोस्टस बैलेट के वोट जोड×कर अंतिम परिणाम जारी किए जाएंगे।

वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रायबरेली और वायनाड से राहुल गांधी, अमेठी से स्मृति ईरानी, कन्नौज से अखिलेश यादव, लखनऊ से राजनाथ सिंह, गांधीनगर से अमित शाह, उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, नागपुर से नितिन गडकरी, तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर, मथुरा से हेमा मालिनी, मंडी से कंगना रनौत, करनाल से मनोहर लाल खट्टर, हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी, मांड्या से एचडी कुमारस्वामी और बारामती से सुप्रिया सुले की हार-जीत पर सबकी नजरें होंगी।




3 जून को चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मतदान में बढ़-चढ×कर हिस्सा लेने के लिए मतदाताओं का आभार जताया।आयोग ने चुनावों को ऐतिहासक बताते हुए कहा कि इन चुनावों में 64.2 करोड़ लोगों ने मतदान किया, जो यूरोपीय संघ के 27 देशों के कु ल मतदाताओं से 2.5 गुना ज्यादा है।इसके अलावा 31 करोड़ महिलाओं ने भी मतदान में हिस्सा लिया, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म के मुताबिक, इस लोकसभा चुनाव में कुल 8,360 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। इनमें से 1,333 उम्मीदवार राष्ट्रीय पार्टी से, 532 राज्य पार्टी से, 2580 गैर मान्यता प्राप्त पार्टी से और 3,915 निर्दलीय थे।2019 में 7,928 और 2014 में 8,205 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था।कुल 797 महिलाओं ने चुनाव लड़ा। भाजपा से 69, कांग्रेस से 41 और बहुजन समाज पार्टी से 37 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहीं।



## यूपी में एनडीए और इंडिया गठबंधन में कड़ी टक्कर, मोदी सरकार के कई मंत्री पीछे




**लखनऊ/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की मतगणना जारी है. यूपी में शुरुआती रुझानों में विपक्षी इंडिया गठबंधन ने बढ़त बना ली है. जबकि, एनडीए पीछे चल रहा है. शुरुआती रुझानों में भाजपा सरकार के कई केंद्रीय मंत्री पीछे चल रहे हैं. हालांकि, अभी यह शुरुआती रुझान हैं. पूरी तस्वीर गिनती समाप्त होने के बाद साफ होगी.

उत्तर प्रदेश के शुरुआती रुझानों में केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी 18 हजार से ज्यादा वोटों से पीछे चल रही हैं. अमेठी से स्मृति ईरानी कांग्रेस के किशोरी लाल से पीछे हैं. मुजफ्फरनगर सीट पर केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान करीब 13 हजार से ज्यादा वोटों से पीछे चल रहे हैं. चंदौली सीट से भाजपा के प्रत्याशी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय पीछे हैं. मिर्जापुर सीट से अनुप्रिया पटेल भी पीछे हैं. लखीमपुर खीरी से केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी भी पीछे चल रहे हैं.

वहीं, लखनऊ लोकसभा सीट पर राजनाथ सिंह 18,045 वोट से आगे हैं. मोहन लालगंज लोकसभा सीट पर आरके चौधरी 39,301 वोट से आगे हैं. आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) एक सीट पर बढ़त बनाए हुए है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से बढ़त बनाए हुए हैं. उत्तर प्रदेश के नतीजों के रुझानों में भाजपा को बड़ा झटका लगा है. वहीं, सपा और कांग्रेस खेमे में खुशी की लहर है. अगर यह रुझान परिणाम में बदलते हैं तो इंडिया गठबंधन को फायदा मिलेगा.

## रायबरेली सीट पर राहुल गांधी के सामने दिनेश प्रताप सिंह ने मानी हार

**लखनऊ/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटों पर वोटो की गिनती जारी है. इन रुझानों में कांग्रेस यूपी में अच्छा प्रदर्शन करती दिख रही है. रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी और यूपी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने अपनी हार स्वीकार कर ली है. यहां राहुल गांधी करीब डेढ़ लाख वोटों से आगे चल रहे हैं.



अभी तक के आंकड़ों के मुताबिक समाजवादी पार्टी 35 सीटों पर आगे चल रही है. जबकि बीजेपी 35 सीटों पर आगे है. सपा और बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर है. अब कांग्रेस पार्टी किन 7 सीटों पर आगे चल रही है, उनकी बात कर लेते हैं. कांग्रेस सहारनपुर, अमरोहा, सीतापुर, राय बरेली, अमेठी, इलाहबाद और बाराबंकी सीट पर आगे चल रही है.

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की अमेठी से हार

लोकसभा चुनाव के नतीजों में एक और चौंकाने वाला रिजल्ट सामने आया है. अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी चुनाव हार गई हैं. अमेठी से गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा ने करीब सवा लाख वोटों के अंतर से स्मृति ईरानी को हराया है. साल 2019 में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को हराया था. इस चुनाव में राहुल गांधी रायबरेली से खड़े थे.



### ● मोदी सरकार के दो और मंत्री की हुई हार

» आरा लोकसभा सीट से महागठबंधन प्रत्याशी सुदामा प्रसाद ने चुनाव जीत लिया है. इस सीट से केंद्रीय मंत्री आरके सिंह की हार हुई है. वहीं, तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर की जीत हुई है. केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर हार गए हैं. इस तरह मोदी के दो और मंत्रियों की हार हुई है.

### ● पीएम मोदी शाम 7 बजे जाएंगे भाजपा मुख्यालय

» लोकसभा चुनाव के नतीजों के मद्देनजर पीएम मोदी आज शाम को भाजपा हेडक्वार्टर जाएंगे. सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम 7 बजे भाजपा मुख्यालय जाएंगे. भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए अभी 293 सीटों पर आगे चल रहा है, जबकि इंडिया गठबंधन 232 सीटों पर आगे है.


## 220 के ऊपर जाते ही कांग्रेस खेमे में हलचल, प्रियंका के घर राहुल-सोनिया की बड़ी बैठक

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

चार घंटे की काउंटिंग शुरू होने के बाद 12 बजे तक लोकसभा चुनाव के तस्वीर साफ हो गई है. 400 पार का नारा देने वाली भाजपा, सहयोगी दलों के साथ 300 के आसपास सिमटती दिख रही है.. वहीं, कांग्रेस की इंडिया गठबंधन ने अपने प्रदर्शन से सबको चौंकाया है. 12 बजे तक इंडिया गठबंधन 226 सीटों पर आगे चल रही है. इसके साथ ही, इंडिया गठबंधन में हलचल तेज हो गई है. शुरुआती रुझान सामने आने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी मां सोनिया गांधी से मिलने उनके आवास पहुंचे. इसके बाद सोनिया गांधी बेटी प्रियंका गांधी से मिलने पहुंची है. यहां राहुल गांधी भी मौजूद हैं.

अधिकतर एग्जिट पोल को गलत साबित करते हुए, कांग्रेस की इंडिया गठबंधन ने अच्छा प्रदर्शन किया है. भल ही पार्टी सत्ता में नहीं आ रही है, लेकिन उनके प्रदर्शन से पार्टी के नेता काफी खुश हैं. कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने जी न्यूज से कहा कि पिक्चर अभी बाकी है. 1-2 घंटे में तस्वीर और साफ हो जाएगी. हमें अभी भी भरोसा है कि हम 295 पर जाकर रुकेंगे.

पवन खेड़ा ने कहा कि इस बार बीजेपी इसे नैतिक जीत मान ले, लेकिन चुनाव में तो हम ही जीत रहे हैं. महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से अच्छी खबरें आ रही हैं. उन्होंने कहा कि देशभर के लोगों को आभास हो रहा था कि संविधान पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं और उन लोगों ने इस खतरे का डटकर सामना कर रहे हैं. शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि कांग्रेस जिस तरह से पूरे देश में आगे जा रही है, हम पहले से कह रहे हैं कि कांग्रेस अगर 100 का आंकड़ा पार कर लिया, तो सोचो इंडिया गठबंधन जीत गया.



# इंडिया गठबंधन ने दिया नीतीश कुमार को 'ऑफर'

## क्या नीतीश कुमार बनेंगे डिप्टी पीएम?

नई दिल्ली/एजेंसी

सूत्रों के मुताबिक बिहार के सीएम और जनता दल (यूनाईटेड) के चीफ नीतीश कुमार से कांग्रेस के नेताओं ने संपर्क साधा है. बताया गया कि नीतीश कुमार को डिप्टी पीएम के पद का ऑफर दिया गया है. सपा के एक ने इसके बारे में एक्स पर पोस्ट किया और कहा कि नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन में वापसी करेंगे. सपा नेता के ट्वीट ने ऐसे वक्त में चर्चा बटोरी है, जबकि एनडीए 300 सीटों के आंकड़े को पार करने के लिए संघर्ष कर रही है. समाजवादी पार्टी के आई.पी. सिंह ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि 'नीतीश हमारे थे, हमारे हैं और हमारे ही रहेंगे. जय सीता राम.' इस बात की खबर भी है कि शरद पवार ने नीतीश कुमार को फोन करके बात की है.

हालांकि एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने साफ मना कर दिया कि नीतीश कुमार से उनकी कोई बातचीत हुई है. कहा गया कि बीजेपी को अकेले बहुमत नहीं मिलने के बाद सरकार बनाने को लेकर कवयाद शुरू हो गई है. पहले कहा गया कि शरद पवार ने नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री पद का ऑफर और चंद्रबाबू नायडू को आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया है. सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस नेतृत्व तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) और जनता दल (यूनाइटेड) (जेडीयू) के नेतृत्व के संपर्क में है. कहा गया कि खास तौर पर लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार से संपर्क किया गया है.

लोकसभा चुनाव नतीजों के बीच शरद पवार ने कहा कि मुझे कभी उम्मीद नहीं थी कि ऐसा परिणाम आएगा. मैने सिर्फ कांग्रेस के लोगों से बात की है अब तक और किसी से नहीं बात नहीं है. शरद पवार ने कहा कि आज का परिणाम आने वाले विधानसभा चुनाव में हमारे लिए प्रेरणादाई होगा. राम मंदिर को लेकर जो माहौल बनाया गया, उसका जवाब जनता ने दे दिया है. इस चुनाव में अनेक चीजें बहुत अच्छी घटी हैं. हम सब ने मिलकर जिन जगहों पर लड़े. हम सात जगहों पर आगे हैं. दस में सात का मतलब है कि हमारी स्ट्राइक रेट बहुत अच्छी है. हम तीन पार्टियां एकत्र हैं. हम एकजुट होकर महाराष्ट्र की सेवा के लिए आगे रहेंगे.






### ● बीजेपी से कम सीट पर लड़कर भी आगे निकल गए नीतीश कुमार

» बीजेपी अपने बलबूते पर पूर्ण बहुमत हासिल नहीं करती दिख रही है. वह 242 सीटों पर सिमटती दिख रही है. ऐसे में उसे सहयोगियों की तरफ देखना पड़ रहा है. 40 लोकसभा सीटों वाले बिहार में जेडीयू 16 सीटों पर चुनाव लड़ी, जिसमें वह15 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है. वहीं बीजेपी 17 सीटों पर चुनाव लड़ी, जिसमें वह12 सीटों पर आगे चल रही है. जिसके बाद नीतीश को लेकर चर्चा का बाजार गर्म हो गया है.

## वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीते

वाराणसी/एजेंसी

अमेठी में भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी की बड़े अंतर से हार हुई है. कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने स्मृति ईरानी को हराया है. वहीं गोंडा से कृतिवर्धन सिंह ने हासिल की जीत. गोंडा लोकसभा सीट पर कृतिवर्धन सिंह ने हैट्रिक लगाई है. गाजियाबाद से अतुल गर्ग ने जीत हासिल की है. वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चुनाव जीत लिया है. महाराजगंज से बीजेपी उम्मीदवार पंकज चौधरी ने जीत हासिल की.



### ● लखीमपुर खीरी से हार गए अजय मिश्रा टेनी

लखीमपुर खीरी से सपा उम्मीदवार उत्कर्ष वर्मा, लखनऊ से बीजेपी प्रत्याशी राजनाथ सिंह, चंदौली से सपा प्रत्याशी बीरेंद्र सिंह, मोहनलालगंज से सपा प्रत्याशी आरके चौधरी, बहराइच से बीजेपी उम्मीदवार आनंद कुमार, उन्नांव से बीजेपी प्रत्याशी साक्षी महाराज, रायबरेली से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी, बुलंदशहर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह चुनाव जीते.

### ● मैनपुरी से डिंपल यादव चुनाव जीतीं

मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव चुनाव जीत चुकी हैं. वहीं अमेठी से स्मृति ईरानी हार गई हैं. बता दें कि केंद्र सरकार के कई मंत्री चुनाव हार चुके हैं.



## चुनावी रुझानों से सदमें में शेयर बाज़ार

### सेंसेक्स 4,389 अंक टूटकर बंद, निफ्टी 21,800 के करीब



मुंबई/एजेंसी


आज यानी 4 जून को शेयर बाजार लोकसभा चुनाव के शुरुआतों रुझानों के बीच शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ खुला .शेयर बाजार के लिए आज का कारोबारी सत्र काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है. कारोबारी सत्र के दौरान आई भारी गिरावट के बाद अंत में सेंसेक्स 4,389.73 अंक (5.74%) की गिरावट के साथ 72,079.05 पर बंद हुआ. इसके साथ ही निफ्टी 1,379.40 अंक (5.93%) की गिरावट के साथ 21,884.50 पर कारोबार का खत्म किया.

सेंसेक्स दोपहर में कारोबार के दौरान 4,131.44 अंक या 5.40 प्रतिशत गिरकर 72,337.34 अंक और निफ्टी 1,263.3 अंक या 5.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,000.60 अंक पर आ गया. इसके बाद 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 6,234.35 अंक या 8.15 प्रतिशत गिरकर 70,234.43 अंक पर आ गया. एनएसई निफ्टी 1,982.45 अंक या 8.52 प्रतिशत गिरकर 21,281.45 अंक पर आ गया.

शुरुआती कारोबार में 9:30 के करीब सेंसेक्स में 2,116.16 अंक यानी 2.77% की भारी गिरावट आई जिसकी वजह से यह 22,603.05 के लेवल पर कारोबार कर रहा था. वहीं, निफ्टी 660.85 अंक (2.84%) गिरकर 22,603.05 पर कारोबार करता नजर आया . आज के शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 73,659.29 के निचले स्तर और निफ्टी गिरकर 22,389.85 पर पहुंच गया था.

बीते दिन यानी सोमवार को एग्जिट पोल में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार की वापसी के संकेत के बाद स्टॉक मार्केट के प्रमुख बंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गए. ग्लोबल मार्केट से मिल रहे अच्छे संकेतों के बावजूद बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी आज गिरावट के साथ खुले थे.

## वोटों की गिनती के बीच पीएम मोदी-अमित शाह ने की चंद्रबाबू नायडू से बात



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव मतगणना के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलुगु देशम पार्टी के चीफ एन चंद्रबाबू नायडू से बात की। सूत्रों ने आगे बताया कि चंद्रबाबू नायडू को एनडीए का संयोजक बनाए जाने को लेकर बात की गई है। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने चंद्रबाबू नायडू से ऐसे समय पर बात की जब कुछ देर पहले ही उनसे कांग्रेस के नेतृत्व ने संपर्क साधा था।

टीडीपी एनडीए में बीजेपी की सहयोगी है, ऐसे में अगर बीजेपी को अपने दम पर बहुमत नहीं मिलता है तो वो चाहती है कि उसके गठबंधन में शामिल दल साथ में बने रहे। ऐसा इसलिए क्योंकि शुरुआती राउंड की गिनती में बीजेपी को अपने दम पर बहुमत नहीं मिलता दिख रहा है। टीडीपी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल होता है तो बीजेपी के लिए सरकार बनाना मुश्किल हो सकता है।

## पश्चिम बंगाल में टीएमसी को बढ़त, भाजपा पिछड़ी

नईदिल्ली/एजेंसी।

लोकसभा चुनाव 2024 के शुरूआती रूझान आ चुके हैं, जिसमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडिया गठबंधन के बीच कड़ी टक्कर दिख रही है।पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) भाजपा का बड़ा नुकसान करती दिख रही है। यहां की 42 लोकसभा सीटों में टीएमसी 32 सीटों पर आगे है, जबकि भाजपा 9 सीटों पर आगे है।कांग्रेस 1 सीट पर आगे चल रही है। डायमंड हॉर्बर सीट से अभिषेक बनर्जी और कृष्णानगर से महुआ मोइत्रा आगे हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक करीब 3 लाख वोट से आगे चल रहे हैं। वह अविजीत दास को टक्कर दे रहे हैं। महुआ मोइत्रा भाजपा की अमिता दास को 60,000 वोट से पीछे कर रही हैं।आसनसोल लोकसभा सीट पर टीएमसी के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा भाजपा के सुरेंद्रजीत सिंह आहलूवालिया से 23,000 वोट से आगे हैं।कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी टीएमसी उम्मीदवार और क्रिकेटर यूसुफ पठान पीछे हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी ने 22 सीटें जीती थी। उसे 2014 के मुकाबले 12 सीटों का नुकसान हुआ था। इस बार उसने टीएमसी पिछला नुकसान पूरा करती दिख रही है।वहीं भाजपा ने 2019 में 18 सीटें जीती थीं, जो 2014 के मुकाबले 14 सीटें अधिक थीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उसके पिछले दोनों चुनाव से बड़ा नुकसान हुआ है।भाजपा के बड़े स्थानीय नेता लॉकेट चटर्जी और सुकांत मजूमदार भी पीछे हैं।





## एक नजर

### अतिका मीर ने तीसरे स्थान पर रहते हुए डीएएमसी चैंपियनशिप यूएई सीजन का किया समापन



**दुबई/नई दिल्ली।** अतिका मीर ने डीएएमसी (दुबई ऑटोड्रोम चैंपियनशिप) में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और चैंपियनशिप में कुल मिलाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने यह उपलब्धि रेस के चौथे दौर में चूकने के बावजूद हासिल की क्योंकि इटली में उनकी दूसरी रेस के साथ चौथा राउंड टकरा गया था। राउंड 5 में, जो दुबई कार्टड्रोम में भीषण तापमान में आयोजित किया गया था, अतिका ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए रेस 2 जीती और रेस 1 में तीसरे स्थान पर रही और अंतिम रेस तीसरे स्थान पर समाप्त की। अतिका ने सप्ताहांत के सबसे तेज लैप समय के साथ शनिवार को आधिकारिक अभ्यास में शीर्ष स्थान हासिल किया और रविवार को रेस में जाने के लिए आश्वस्त थी। अतिका ने रेस 1 की शुरूआत 10वें स्थान से की क्योंकि डीएएमसी राउंड 1 में क्वालीफाइंग रेस और रेस 2 के बिना एक रैंडम ग्रिड फॉलो करता है। रेस 1 में अतिका शीर्ष फॉर्म में थी और 7 कारों को पार करते हुए तीसरे स्थान पर पहुंची। रेस 2 में, युवा खिलाड़ी शीर्ष गति पर थी और अंततः रेस जीत गई। फाइनल में जाने पर, आत्मविश्वास से भरपूर अतिका, जिसने दूसरे स्थान पर क्वालीफाई किया था, जीत की कतार में थी। हालाँकि फाइनल में उसकी गति कम हो गई और वह जीत के लिए चुनौती नहीं दे सकी और अंततः ट्रैक लिमिट्स के लिए पेनल्टी मिलने के बाद फाइनल में तीसरे स्थान पर रही।

### सैमसन से अच्छे विकेटकीपर हैं ऋषभः गावस्कर



**न्यूयार्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने ऋषभ पंत की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह संजू सैमसन से कहीं बेहतर विकेटकीपर है। टी20 विश्वकप की कमेंट्री टीम में शामिल गावस्कर का मानना है कि ऋषभ को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले शुरूआती मैच के लिए अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों में शामिल किया जाएगा। ऋषभ और सैमसन दोनों को ही विकेटकीपर के तौर पर टीम में जगह मिली है पर ऋषभ ने जिस प्रकार बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में शानदार प्रदर्शन किया था। उससे उनकी दावेदारी मजबूत नजर आ रही है। ऋषभ ने इस अभ्यास मैच में अर्धशतक लगाया था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों पर 53 रन बनाए जिसमें चार चौके और इतने ही छक्के शामिल थे। वहीं सैमसन विफल रहे और पारी पारी की शुरूआत करते हुए केवल 6 रन बना पाये। गावस्कर ने कहा कि भारत ऋषभ के साथ जा सकता है क्योंकि वह सैमसन से कहीं बेहतर विकेटकीपर हैं।

### दिग्गज फुटबॉलर पैट्रिस एवरा सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के एक्सपर्ट पैनल में शामिल



**मुंबई।** देश के प्रमुख प्रसारक-सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने इस साल के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट यूईएफए यूरो 2024 के लाइव कवरेज के लिए फ्रांस फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान पैट्रिस एवरा को एक्सपर्ट पैनलिस्ट के रूप में अपनी टीम में शामिल किया है। एवरा यूईएफए यूरो 2024 के दौरान प्रमुख स्टूडियो शो-फुटबॉल एक्स्ट्रा-में एक्सपर्ट्स के प्रतिष्ठित पैनल में शामिल होंगे। वह प्रत्येक मैच के अपने उत्कृष्ट विश्लेषण से दर्शकों के अनुभव को और समृद्ध बनायेंगे। पैट्रिस एवरा दुनिया के सबसे सफल फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2004-2016 के बीच 81 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इसके अलावा इस पूर्व डिफेंडर ने क्लब फुटबॉल में 725 मैच खेले हैं। इसमें 2006 से 2014 तक मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए 379 मैच शामिल हैं। उन्होंने 2014-2017 तक जुवेंटस के लिए 82 मैचों में भी हिस्सा लिया। लेफ्ट बैक एवरा मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ पांच खिताब जीतने वाली प्रीमियर लीग अभियानों का हिस्सा थे।

# विश्व कप : फारूकी के पांच विकेट की बदौलत अफगानिस्तान ने युगांडा को 125 रन से हराया



- गुरबाज और जादरान ने अफगानी टीम को शानदार शुरूआत दिलाई
- अफगानी टीम का 14वें ओवर की समाप्ति पर स्कोर 150 के पार पहुंच गया

**जॉर्जटाउन। एजेंसी**

फजलहक फारूकी के पांच विकेट की बदौलत अफगानिस्तान ने मंगलवार को प्रोविडेंस स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में पदार्पण कर रहे युगांडा को 125 रनों से करारी शिकस्त दी। डेथ ओवरों में युगांडा के गेंदबाजों की वापसी के बावजूद, इब्राहिम जादरान (46 गेंदों पर 70 रन) और रहमानुल्लाह गुरबाज (42 गेंदों पर 76 रन) के बीच 154 रनों की शानदार ओपनिंग साझेदारी की बदौलत अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 183 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

विशाल स्कोर का बचाव करते हुए, फारूकी ने अपनी शानदार गेंदबाजी से जीत की नींव रखी, उन्होंने 9 रन देकर 5 लिए और युगांडा को 16 ओवरों में 58 रनों पर ढेर कर दिया और अपनी टीम के लिए बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच में युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाजों ने अनुकूल बल्लेबाजी परिस्थितियों और युगांडा की फील्डिंग में चूक का फायदा उठाया। गुरबाज और जादरान ने अफगानी टीम को शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने दबदबा बनाए रखा और गुरबाज ने नौवें ओवर में चार छक्कों और दो चौकों की मदद से अपना पहला टी20 विश्व कप अर्धशतक पूरा किया। अफगानिस्तान ने 10वें ओवर तक 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 14वें ओवर में बिलाल शाह ने 25 रन दिये, जिसमें पांच नो-बॉल और पांच वाइड शामिल थे, जिससे अफगानी टीम का 14वें ओवर की समाप्ति पर स्कोर 150 के पार पहुंच गया। कप्तान मसाबा ने इब्राहिम जादरान को आउट कर युगांडा के लिए पहला विकेट लिया और 154 रन की ओपनिंग साझेदारी को तोड़ा। जादरान ने 46 गेंदों पर 9 चौके और 1 छक्के की बदौलत 70 रन बनाए।

अनुभवी गेंदबाज अल्पेश रामजानी और मसाबा ने अगले कुछ ओवरों में दो और विकेट चटकाए और अफगानिस्तान के रन गति को रोकने में सफलता हासिल की। युगांडा के गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में अपना जलवा दिखाया और अंतिम चार ओवरों में 22 रन देकर मात्र तीन विकेट लिए। अफगानिस्तान ने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 183 रन का स्कोर खड़ा किया। जादरान के अलावा गुरबाज ने 45 गेंदों पर 4 चौके और 4 छक्के की बदौलत 76 रन बनाए। युगांडा के लिए कोसमस केवूटा और मसाबा ने 2-2 व अल्पेश रामजानी ने 1 विकेट लिया। 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा टीम की शुरूआत खराब रही और फारूकी ने लगातार दो गेंदों पर रौनक पटेल (4) और रोजर मुकासा (0) को पवेलियन भेज दिया। मुजीब उर रहमान ने साइमन सेजई को 4 रन पर आउट करके अफगानिस्तान को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद नवीन उल हक ने पांचवें ओवर में दिनेश नकरानी (06) और अल्पेश रामजानी (00) को पवेलियन भेज दिया।

युगांडा ने केवल 18 रन पर अपने 5 विकेट खो दिये। यहां से रियाजत अली शाह (11) और रॉबिन्सन ओबुया (14) के बीच एक छोटी सी साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन फारूकी ने वापसी की और ओबुया और कप्तान ब्रायन मसाबा (00) को पवेलियन भेज युगांडा को बड़ी हार की ओर धकेल दिया। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने बाकी दो विकेट लेकर युगांडा की पारी को 58 रन पर समेट दिया।

## महिला टी20 विश्वकप में भारत, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया को एक ही ग्रुप मिला



**नई दिल्ली। एजेंसी**

बांग्लादेश की मेजबानी में 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट 2024 के लिए श्रीलंकाई टीम भी भारत के साथ ग्रुप ए में शामिल हुई है। श्रीलंकाई टीम ने लगातार 6 मैच जीतकर प्रवेश हासिल किया है। इस टूर्नामेंट मे ं 8 टीमों को सीधे ही प्रवेश मिला है जबकि 2 टीमें क्वालीफायर राउंड जीतकर यहां तक पहुंची हैं। टी20 विश्व कप 2024 के क्वालीफायर राउंड में श्रीलंकाई टीम ने स्कॉटलैंड को हराया। ग्रुप एक में भारत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीमें भी शामिल हैं। वहीं ग्रुप बी में स्कॉटलैंड मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम रहेंगी। भारतीय टीम टी20 विश्वकप में अपना पहला मैच 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी।

इसके बाद भारतीय टीम का मुकाबला 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से होगा। वहीं 9 अक्टूबर को वह श्रीलंका और 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। इस बार विश्व कप में कुल 10 टीमों के बीच 19 दिन में फाइनल सहित कुल 23 मैच खेले जाएंगे। हर एक ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइल में पहुंचेंगी। इसके बाद चारों टीमों के बीच प्लेऑफ के मुकाबले होंगे। सेमीफाइनल मैच 17 और 18 अक्टूबर को खेले जाएंगे जबकि फाइनल मैच 20 अक्टूबर को ढाका में खेला जाएगा।

## इंडोनेशिया ओपनः लक्ष्य सेन, सुमीत-सिक्की की जोड़ी दूसरे दौर में, किरण जॉर्ज बाहर



**जकार्ता। एजेंसी**

स्टार भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने मंगलवार को यहां जापान के कांता सुनेयामा पर सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सेन ने शुरूआती दौर के मुकाबले में सुनेयामा को 21-12, 21-17 से शिकस्त दी, यह मुकाबला 40 मिनट तक चला। फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में लगातार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले सेन का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के सातवें वरीय एंथनी सिनिसुका गिंटिंग और जापान के केंटा निशिमोटो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। हालांकि, किरण जॉर्ज पुरुष एकल स्पर्धा से बाहर हो गए, किरण को चीनी खिलाड़ी हांग यांग वेंग ने 11-21, 21-10, 22-20 से शिकस्त दी।


मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी की भारतीय जोड़ी ने पहले दौर में विंसन चियू और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी को 18-21, 21-16, 21-17 से हराया। अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त सी वेई झेंग और या कियोंग हुआंग तथा इंडोनेशिया की रेहान नौफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### आर प्रज्ञानानंद ने विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया



**स्टावेंजर।** आर प्रज्ञानानंद ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। प्रज्ञानानंद इससे पहले इस प्रतियोगिता में मैग्नस कार्लसन और फैबियानो कारूआना सहित उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हरा चुके हैं। डिंग लिरेन आर्मगेडन गेम में हार गए, जिससे युवा भारतीय प्रतिभावान खिलाड़ी ने पारंपरिक खेल में ड्रॉ के बावजूद एक और हाई-प्रोफाइल जीत हासिल की। प्रज्ञानानंद ने हाल ही में मैग्नस कार्लसन और फैबियानो कारूआना को लगातार दो बार हराकर सुर्खियां बटोरी हैं। हिकारू नाकामुरा एक और रोमांचक मुकाबले में टूर्नामेंट लीडर मैग्नस कार्लसन के करीब पहुंच गए। नाकामुरा ने समय पर आर्मगेडन थ्रिलर जीत लिया, जिससे कार्लसन से उनका अंतर केवल आधा अंक रह गया। हाल ही में शानदार सफलता के लिए प्रज्ञानानंद की काफी सराहना की गई है। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने क्लासिकल शतरंज में दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन पर शानदार जीत के बाद प्रज्ञानानंद की सराहना की, जबकि महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने भी उनकी जमकर तारीफ की। इससे पहले, फिडे विश्व कप में अपनी जीत के बाद, प्रज्ञानानंद की प्रशंसा पूर्व विश्व चैंपियन और शतरंज आइकन गैरी कास्पारोव ने की थी।

## हॉकी इंडिया परिवार में शामिल हुआ आरके रॉय अकादमी




**नई दिल्ली। एजेंसी**

आरके रॉय हॉकी अकादमी को मंगलवार को हॉकी इंडिया परिवार में नए सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। बिहार के पटना में स्थित आरके रॉय हॉकी अकादमी की स्थापना अभिषेक कुमार और अरुणिमा रॉय ने की थी, जो अपने क्षेत्र में हॉकी के खेल को आगे बढ़ाने के लिए जुनूनी हैं। अकादमी विभिन्न आयु समूहों में हॉकी में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने और युवा एथलीटों को अपने कौशल विकसित करने और उच्च स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नए प्रावधान से बिहार में हॉकी के विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत में इस खेल के समग्र विकास में योगदान मिलेगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने नए अकादमी सदस्य के शामिल होने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा हम आरके रॉय हॉकी अकादमी का हमारे परिवार में स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। युवा प्रतिभाओं को निखारने की उनकी प्रतिबद्धता जमीनी स्तर पर हॉकी को बढ़ावा देने के हमारे दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह मेल खाती है। हमें विश्वास है कि इस साझेदारी से ऐसे असाधारण खिलाड़ी निकलेंगे जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा आरके रॉय हॉकी अकादमी का शामिल होना बिहार में हॉकी की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युवा एथलीटों को प्रशिक्षित करने के लिए उत्कृष्टता और संरचित दृष्टिकोण के प्रति अकादमी का समर्पण सराहनीय है।

# वाणिज्य

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी गिरावट



**नई दिल्ली। एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के परिणाम वाले दिन भी घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी सस्ता हुआ है। बाजार में आई इस गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,100 रुपये से लेकर 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये से लेक्र 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी सोने की कीमत में गिरावट आई है।

### ओला इलेक्ट्रिक ने की 6.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** दो पहिया वाहन निमार्ता ओला इलेक्ट्रिक कंपनी ने 6.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते मई में 37,191 यूनिट सेल की हैं। वहीं मई 2023 में 35,000 से अधिक यूनिट की बिक्री हुई थी। ये कंपनी लगातार इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में नंबर-1 बना हुआ है। बीते महीने यानि की मई तक कंपनी की 49 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रही है। नई एस1 एक्स रेंज की बिक्री के कारण भी ओला इलेक्ट्रिक की सेल में वृद्धि हुई है। इस रेंज के 2केडब्ल्यूएच वेरिएंट की कीमत 74,999 रुपये, 3 केडब्ल्यूएच वेरिएंट की कीमत 84,999 रुपये और 4 केडब्ल्यूएच वेरिएंट की कीमत 99,999 रुपये एक्स-शोरूम हैं। एस1 एक्स रेंज के अलावा ओला इलेक्ट्रिक एस1 एक्स प्लस, एस1 एयर और एस1प्रो मॉडल की खुदरा बिक्री करती है, जिनकी कीमत क्रमशः 89,999 रुपये, 1.05 लाख रुपये और 1.30 लाख रुपये एक्स-शोरूम है। ओला इलेक्ट्रिक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अंशुल खंडेलवाल ने कहा- हम 49 प्रतिशत की अग्रणी बाजार हिस्सेदारी और हमारे पंजीकरण में लगातार वृद्धि के साथ भारत के इलेक्ट्रिक वाहन परिवर्तन के प्रयासों का नेतृत्व करना जारी रखते हैं।

## मतगणना के रुझानों से ध्वस्त हुआ शेयर बाजार

- सेंसेक्स और निफ्टी में 5.72 प्रतिशत की गिरावट



**नई दिल्ली। एजेंसी**

दोपहर 12 बजे तक हुई मतगणना के रुझानों के मुताबिक केंद्र में भाजपा को अपने दम पर स्पष्ट बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है। इस वजह से घरेलू शेयर बाजार में दोपहर 12 बजे तक के कारोबार में जोरदार गिरावट दर्ज की गई। कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि जैसे जैसे मतगणना के रुझान आते गए, वैसे-वैसे शेयर बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा। दिन के पहले सत्र के कारोबार की समाप्ति के बाद दोपहर 12 बजे सेंसेक्स और निफ्टी 5.72 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। दिन का पहला सत्र समाप्त होने के बाद शेयर मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंदुस्तान युनिलीवर 4.42 प्रतिशत, ब्रिटानिया इंडस्टरीज 0.99 प्रतिशत, नेस्ले 0.58 प्रतिशत, सिप्ला 0.40 प्रतिशत और सन फार्मास्यूटिकल 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अडाणी एंटरप्राइजेज 19.57 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 19.63 प्रतिशत, कोल इंडिया 15 प्रतिशत, ओएनजीसी 14.99 प्रतिशत और एनटीपीसी 14.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

पहले सत्र के कारोबार में एनएसई में 2,287 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 109 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,178 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 2 शेयर बढ़त के साथ और 28 शेयर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

निफ्टी में शामिल शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान में और 42 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 183 अंक टूटकर 76,285.78 अंक के स्तर पर खुला था। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक 2,809.49 अंक टूट कर 73,659.29 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद मतगणना के रुझानों में भाजपा की स्थिति सुधरती देख खरीदारों ने भी लिवाली का जोर लगाया, जिसकी वजह से ये सूचकांक करीब 2,700 अंक की रिकवरी करके 76,300 अंक तक पहुंचने में सफल रहा।

इसके बाद जैसे-जैसे मतगणना के रुझान साफ होते गए, वैसे-वैसे बाजार में गिरावट बढ़ती चली गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दिन के पहले सत्र का कारोबार खत्म होने के बाद दोपहर 12 सेंसेक्स 4,372.32 अंक टूट कर 72,096.43 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 84.40 की कमजोरी के साथ 23,179.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 874.05 अंक लुढ़क कर 22,389.85 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अजमेर में भाजपा के भागीरथ चौधरी तीन लाख से अधिक मतों से विजयी



**चमकता राजस्थान । श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर लोकसभा आम चुनाव 2024भारती जनता पार्टी से भागीरथ चौधरी विजेता घोषित अजमेर 4 जून लोकसभा आम चुनाव 2024 के अन्तर्गत अजमेर संसदीय क्षेत्र के मतों की गणना में भारतिय जनता पार्टी के भागीरथ चौधरी 3 लाख 29 हजार 991 मतों से विजयी रहे रिटेनिंग ऑफिसर डॉक्टर भारतीय दीक्षित ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतों की गणना मंगलवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में संपन्न हुई इसमें भागीरथ भारतीय जनता पार्टी के भागीरथ चौधरी 3 लाख 29 हजार 991मत प्राप्त हुए इनमें कुल 7 लआख47 हजार462 मत प्राप्त हुए।इनमें फसे 7लाख 41 हजार151 ईवीयम के तथा7 डाक मत प्राप्त हुए। निर्दलीय विक्षाम बाबू को1524 मत मिले ।इनमें से 1517ईवीयम को तथा डाक मत पत्र नेशनल फ्यूचर पार्टी के सहाबुदिन को 1197 मत मीले इंडियन नेशनल कांग्रेस के रामचन्द्र चौधरी को 4 लाख17 हजार471 मत मीले

### दौसा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा 2 लाख 37 हजार 340 मतों से मतों से विजयी

**चमकता राजस्थान। दौसा!** दौसा लोकसभा सीट से मुरारी लाल मीणा 2 लाख 37 हजार 340 मतों से मतों से विजयी हुए गौरतलब है कि मुरारी मीणा को 6 लाख 46 हजार 266 वोट मिले। जबकि भाजपा के कन्हैयालाल मीणा को 4 लाख 8 हजार 926 मत मिले। बहुजन समाज पार्टी के सोनू धानका को 6 हजार 797, निर्दलीय प्रत्याशी डा रामरूप मीना को 2 हजार 721 और निर्दलीय मोहनलाल मीणा को 2 हजार 178 वोट मिले। भाजपा और कांग्रेस के अलावा सभी प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा सके। जबकि 5 हजार 846 मतदाताओं ने नोटा को चुना। दौसा जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार ने विजयी प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा शपथ दिलाई।



### जिला जयपुर प्रथम में शक्ति दिवस का आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी)** जयपुर प्रथम 4, जून ' जिला जयपुर प्रथम में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है ।उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) जयपुर प्रथम डॉ. प्रवीण झारवाल ने बताया कि अभियान के तहत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

### उन्हेल पुलिस ने की त्वरित बड़ी कार्यवाही

- **ट्रैक्टर चोरी करने वाले तीनों अभियुक्तों को 24 घंटे में किया गिरफ़्तार**




**चमकता राजस्थान। उन्हेल(रमेश मोदी)** उन्हेल पुलिस ने घर पर खड़े ट्रेक्टर को चुरा कर ले जाने वाले तीन अभियुक्तों को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार कर ट्रेक्टर को बरामद करने में सफलता हासिल की है पुलिस के अनुसार उन्हेल थाना क्षेत्र के बरडिया बिरजी निवासीमेहताब सिंह पिता भगवान सिंह ने 3/6/24 को उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट की मेरा महिंद्रा ट्रेक्टर क्रमक फ्र17 फ्ळ3109 जो में रात्रि को गांव में श्याम सिंह के घर खड़ा करता हु दिनांक 1/6/24 को भी मेने ट्रेक्टर श्याम सिंह के घर खड़ा कर सो गया था सुबह 7 बजे में गया तो ट्रेक्टर वहाँ नही था -आसपास काफी तलाश की ट्रेक्टर नही मिला ,मुझे गांव के ही मोहन सिंह पिता गोरधन सिंह पर शक है ट्रेक्टर वही लेजा सकता है इसपर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया गया था ।

# आरएसआरडीसी चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आर. के लूथरा अब तक नहीं लगा एसीबी के हाथ !

चमकता राजस्थान



**आरोपी 6 तक रिमांड पर**

» एसीबी ने गिरफ्तार आरएसआरडीसी में धौलपुर के अधिशासी अभियंता एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर सियारामचन्द्रावत, भरतपुर के अधिशासी अभियंता एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर लक्ष्मण सिंह व प्रबंध निदेशक के सलाकार महेश चंद गुप्ता को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें 6 जून तक एसीबी की रिमांड पर सौंपा है।

**जयपुर।** आरएसआरडीसी चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आर. के लूथरा अब तक एसीबी के हाथ नहीं आया है,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड (आरएसआरडीसी) प्रबंध निदेशक सुधीर माथुर के जवाहर सर्कल और चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर (सीपीएम) आर. के लूथरा के श्याम नगर स्थित आवास पर सोमवार देर रात तक सर्च की। डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि दोनों के घर पर सर्च में कोई खास सम्पत्ति नहीं मिली। आरोपी लूथरा का आलीशान बंगला जरूर है और बंगले की सर्च में महिलाओं के नाम से तीन बैंक लॉकर होने के दस्तावेज मिले। एसीबी ने मंगलवार को आरोपी लूथरा के घर से महिलाओं को बैंक चलकर ला-ॅकर खोलने को कहा, लेकिन उन्होंने तबीयत खराब होने की कहकर इनकार कर दिया। डीजी मेहरड़ा ने कहा कि संबंधित बैंक प्रशासन को एसीबी टीम के पीछे से लॉकर नहीं खोलने को पाबंद किया है। उन्होंने यह भी कहा कि मामले के खुलासे के बाद से ही आरोपी लूथरा अपना मोबाइल बंद कर कहीं चला गया। टीम लगातार उससे संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

डीजी मेहरड़ा ने बताया कि आरएसआरडीसी अधिकारियों व कर्मचारियों की एक माह से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी। लेकिन बड़े स्तर पर कार्रवाई करने के लिए टीम इंतजार कर रही थी। गिरफ्तार सेवानिवृत्त (संविदाकर्मी) सहायक लेखाधिकारी व प्रबंध निदेशक के सलाहकार महेश चंद गुप्ता का फोन सर्विलांस पर था। वह प्रोजेक्ट डायरेक्टरों को बेखौफ होकर सीधे बोलता था कि धन कब जयपुर लेकर आ रहे हो... डिलीवरी कब कर रहे हो। खुलेआम पैसे वसूल रहा था। वह आश्वत था कि रिटायर्ड होने के बाद एसीबी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी और इसके कारण ही उसने घर पर ही रकम रख रखी थी।

डीजी मेहरड़ा ने बताया कि आरएसआरडीसी में ठेकेदारों को सड़क, भवन व टोल नाकों के अलावा अन्य कामों के टेंडर में किन नियमों के तहत ढिलाई दी जाती थी इसकी भी जांच करेंगे। साथ ही रिपोर्ट सरकार को भेजेंगे ताकि भविष्य में घूसखोरी पर लगाम लगाई जा सके। विभाग में कौन सी फाइलों में गड़बड़ी कर घूस ली जाती थी, इसकी भी जांच करेंगे।

## दिया कुमारी ने भाजपा सांसदों की जीत पर दी बधाई

चमकता राजस्थान



जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भाजपा सांसदों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में विजयी हुए भारतीय जनता पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएँ।

इस अवसर पर मैं, श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को पूरा करने में जुटे पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं और देवतुल्य जनता का भी हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, अब हम सभी को जी-जान से जुट कर प्रयास करने है।

## जनादेश भाजपा के खिलाफ और इंडिया गठबंधन के पक्ष में-सचिन पायलट

चमकता राजस्थान



जयपुर। चुनावों के नतीजे आने के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि आज के नतीजों का मुख्य सार यह है की देश और राजस्थान की जनता ने बटवारे, अहंकार, और ज़मीनी मुद्दों को नज़रंदाज़ करने की राजनीति को ठुकराया है। यह जनादेश भाजपा के खिलाफ है और इंडिया गठबंधन तथा कांग्रेस के नेतृत्व के पक्ष में है। राहुल जी, प्रियंका जी, और खड़गे जी की मेहनत रंग लाई है और विपक्षी एकता को जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।

## करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भजनलाल जाटव 98 हजार 945 मतों से विजयी घोषित

चमकता राजस्थान




**धौलपुर (रामदास तरुण )** । धौलपुर/करौली 04 जून। करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र रिटर्निंग अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया कि करौली-धौलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये 19 अप्रैल को हुये मतदान की मतगणना 04 जून को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं उसके समीप राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्रातः 8.30 बजे से प्रारंभ हुई। मतगणना में इण्डियन नेशनल कांग्रेस के भजनलाल जाटव ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी की इन्दू देवी को 98 हजार 945 मतों से अधिक मत प्राप्त किये!उन्होंने बताया कि मतगणना में इण्डियन नेशनल कांग्रेस के भजनलाल जाटव को 5 लाख 30 हजार 11, बहुजन समाज पार्टी के विक्रम सिंह को 14 हजार 112, इंडियन नेशनल कांग्रेस की इन्दू देवी को 4 लाख 31 हजार 66, निर्दलीय प्रत्याशी रामखिलाडी धोबी को 5 हजार 473 मत मिले तथा 7 हजार 460 मत नोटा पर डाले गए एवं करौली-धौलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 9 लाख 90 हजार 393 मत पडे।

उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बसेडी में कांग्रेस के भजनलाल जाटव को 59 हजार 893, बसपा के विक्रम सिंह को 1 हजार 326, भाजपा की*इन्दू देवी को 40 हजार 925*,निर्दलीय पार्टी के रामखिलाडी धोबी को 680 मत मिले। बाडी से कांग्रेस के भजनलाल जाटव को 56 हजार 6, बसपा के विक्रम सिंह को 2 हजार 759, भाजपा की इन्दू देवी को 62 हजार 683, निर्दलीय प्रत्याशी रामखिलाडी धोबी को 842 मत मिले। धौलपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के भजनलाल जाटव को 49 हजार 265,बसपा के विक्रम सिंह को 2 हजार 632, भाजपा की इन्दू देवी को 71 हजार 756,निर्दलीय प्रत्याशी रामखिलाडी धोबी को 857 मत मिले। राजाखेडा से कांग्रेस के भजनलाल जाटव को 49 हजार 763, बसपा के विक्रम सिंह को 1 हजार 206, भाजपा की इन्दू देवी को 63 हजार 588, निर्दलीय प्रत्याशी रामखिलाडी धोबी को 600 मत मिले।विधानसभा क्षेत्र टोडाभीम से कांग्रेस के भजनलाल जाटव को 89 हजार 123, बसपा के विक्रम सिंह को 1 हजार 261, भाजपा की *इन्दूदेवीको38हजार441*,निर्दलीय प्रत्याशी रामखिलाडी धोबी को 543 मत मिले। हिण्डौन से कांग्रेस के भजनलाल जाटव को 76 हजार 81, बसपा के विक्रम सिंह को 1 हजार 510, भाजपा की इन्दू देवी को 59 हजार 295, निर्दलीय प्रत्याशी रामखिलाडी धोबी को 552 मत मिले। करौली से कांग्रेस के भजनलाल जाटव को 68 हजार 74, बसपा के विक्रम सिंह को 1 हजार 247, भाजपा की इन्दू देवी को 50 हजार 484 निर्दलीय प्रत्याशी रामखिलाडी धोबी को 702 मत मिले एवं सपोटरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के भजनलाल जाटव को 77 हजार 174, बसपा के विक्रम सिंह को 2 हजार 64, भाजपा की इन्दू देवी को 39 हजार 626,निर्दलीय प्रत्याशी रामखिलाडी धोबी को 650 मत मिले। इसी प्रकार डाक मत पत्रों में कांग्रेस के भजनलाल जाटव को 4 हजार 632,बसपा के विक्रम सिंह को 107, भाजपा की इन्दू देवी को 4268, निर्दलीय प्रत्याशी रामखिलाडी धोबी को 47 मत मिले।

### फ्रांस की सीनेट में "भारत गौरव अवार्ड" कल 05 जून को होगा

- **देश-विदेश की नामी हस्तियां होंगी सम्मानित**

**चमकता राजस्थान/जयपुर 04 जून।** संस्कृति युवा संस्था की ओर से फ्रांस की सीनेट में देश-विदेश की नामी हस्तियों को ''भारत गौरव'' के अलंकरण से कल 05 जून को विभूषित किया जायेगा।

संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया है कि यह भव्य आयोजन फ्रांस की सीनेट में भारतीय समयानुसार 5:30 बजे आयोजित किया जायेगा। समारोह मेहंदीपुर बालाजी के महंत डॉ. नरेश पुरी जी महाराज के सानिध्य में होगा। समारोह के विशिष्ट अतिथि फ्रांस सरकार में मिनिस्टर ऑफ डेमोक्रेटिक रेनबूल सांसद प्रिस्का थेवेनॉट जो की भारतीय मूल की है। साथ ही फ्रांस की सीनेट में वाइस प्रेसिडेंट डोमिनिक थियोफाईल, फ्रांस में सीनेटर फ्रेडेरिक बुवल होगें। समारोह में भारतीय दूतावास के अधिकारी एवं लेबनान से डॉ. टोनी नडार भी सम्मिलित होगें।

इस समारोह में भारत, ब्रिटेन, अमेरिका, न्यूजीलैंड, कनाडा, साउथ अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, दुबई, लंदन, इटली, स्विट्जरलैंड, स्पेन, जिनेवा, पौलेंड, थाईलैंड, बैंकाक सहित कुल 18 देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित होगें। सम्मान समारोह में देष-विदेष में भारत का नाम रौशन करने वाले भारतीयों को ''भारत गौरव'' के अलंकरण से सम्मानित किया जायेगा। समारोह के आयोजक सुरेश मिश्रा ने बताया कि इस समारोह में 18 देशों के भारतीय हिस्सा ले रहे है।

संस्था के अध्यक्ष गौरव धामाणी ने बताया कि अब तक पूर्व के वर्षों में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर, फिल्म स्टार मनोज कुमार, नोबेल प्राइज विजेता कैलाश सत्यार्थी, विश्व की सबसे प्रभावशाली महिला इन्द्रा नूई, जैन संत पुलक सागर, लोकेश मुनि, प्रसन्न सागर, मेजर ध्यानचंद, जी-मेल के आविष्कार शिवा अय्यादुराई, निरजा भेनोत सहित लगभग 300 अप्रवासी भारतीयों को पिछले 10 वर्षों में सम्मानित किया जा चुका है।

इस अवसर पर भारत देश के उत्थान में इन प्रवासी भारतीयों का इस प्रकार से योगदान हो सकता है। इस पर भी विस्तृत चर्चा होगी।

# भाजपा ने जनता में विश्वास खोया, केंद्र में संविधान का राज होगा कायम : डोटासरा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 04 जून।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कांग्रेस एवं इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशियों को प्रदेश में विजयी बनाने पर सभी प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया तथा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

डोटासरा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं ने केन्द्र सरकार द्वारा रोजगार नहीं देने तथा अग्निवीर जैसी योजना थोपकर युवाओं के हितों पर कुठाराघात करने के विरोध में तथा कांग्रेस के युवा न्याय के तहत पहली नौकरी पक्की की गारंटी के समर्थन में कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बढ़ती महंगाई के विरूद्ध एवं कांग्रेस की लोक कल्याणकारी महालक्ष्मी योजनाओं के पक्ष में महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के लिए बढ़-चढ़कर मतदान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने किसानों की आय दुगुनी करने का वादा नहीं निभाया बल्कि तीन काले कानून उन पर थोपने का प्रयास किया इसलिए किसानों ने कांग्रेस की एमएसपी को कानून बनाने की गारंटी पर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया।

डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी एवं इण्डिया गठबंधन को 11 सीट पर विजयी बना कर प्रदेश की जनता ने भाजपा की 25-0 की हैट्रिक बनाने के दावे तथा सभी सीट 5 लाख के अंतर से जीतने के दावे की हवा निकाल दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में बेहद नजदीकी मुकाबला रहा तथा कोटा, जोधपुर व अलवर में भाजपा सरकार के केन्द्रीय मंत्री व लोकसभा अध्यक्ष बेहद नजदीकी मुकाबले में जीते है और बाड़मेर में भाजपा सरकार के केन्द्रीय मंत्री कांग्रेस प्रत्याशी से हार गए।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती के साथ अपने जमीनी व बूथ कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित कर मजबूती के साथ चुनाव लड़ा तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं ने एकजुटता के साथ प्रदेशवासियों के बीच केन्द्र सरकार की विफलताएं उजागर की, इसका परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी को मिलने वाले मतों में अत्यधिक कमी आयी एवं कांग्रेस प्रत्याशियों को जनता ने विजयी बनाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अनेक जनहित के कार्य कर प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर किया था किन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया जिसका खामियाजा भाजपा को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पूर्व में करणपुर विधानसभा उप चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के बावजूद भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस प्रत्याशी के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था इससे यह साबित हो गया था कि भाजपा प्रदेश की जनता के मध्य अपना विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने हेतु संवैधानिक संस्थाओं को भरपूर उपयोग किया इसके बावजूद भाजपा की देश में हार साबित करती है कि देश में संविधान का राज कायम रहेगा तथा केन्द्र में इण्डिया गठबन्धन की जनकल्याणकारी सरकार बनेगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929